आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
वर्ष-11 । अंक 189 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, रविवार, 13 जुलाई, 2025

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पुरस्कार के लिए चयनित नगरीय निकायों को दी बधाई

# स्वच्छ सर्वेक्षण : छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को मिलेंगे राष्ट्रीय पुरस्कार

### 17 जुलाई को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु करेंगी पुरस्कृत

**संवाददाता ● रायपुर**

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। नई दिल्ली में आगामी 17 जुलाई को आयोजित होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में राज्य के सात नगरीय निकायों को स्वच्छता के मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु इन पुरस्कारों को प्रदान करेंगी। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहेंगे।




राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को प्रेसिडेंट्स अवार्ड प्रदान करेंगी। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिलासपुर नगर निगम को तीन लाख से दस लाख आबादी वाले (Big Cities) शहरों की श्रेणी में, कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले (Small Cities) शहरों की श्रेणी में तथा बिल्हा नगर पंचायत को 20 हजार से कम आबादी वाले (Very Small Cities) शहरों की श्रेणी में यह सम्मान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रायपुर नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा मिनिस्ट्रियल अवार्ड (Ministerial Award) प्रदान किया जाएगा।

स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने वाले शहरों को पहचान देने हेतु इस वर्ष सुपर स्वच्छता लीग (एसएसएल) नामक एक विशेष श्रेणी की शुरुआत की गई है। इस लीग में वे शहर शामिल किए गए हैं, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में स्थान प्राप्त कर चुके हैं तथा वर्तमान वर्ष में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 200 में बने हुए हैं। इस नवीन श्रेणी में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों का चयन हुआ है – अंबिकापुर नगर निगम (50 हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी), पाटन नगर पंचायत तथा बिश्रामपुर नगर पंचायत (20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी) को एसएसएल के लिए चयनित किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयनित सातों नगरीय निकायों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा स्थानीय निकायों द्वारा सतत किए जा रहे प्रयासों का यह उत्कृष्ट परिणाम है। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले समय में राज्य के और भी अधिक नगरीय निकाय स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शहरी सरकारों से लेकर राज्य और केंद्र सरकार तक, सभी मिलकर शहरों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधासंपन्न बनाने हेतु अनेक नवाचारों के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं।

'छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों का स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह हमारे नगरीय प्रशासन, स्थानीय निकायों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। बिलासपुर, कुम्हारी, बिल्हा, रायपुर, अंबिकापुर, पाटन और बिश्रामपुर जैसे शहरों ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह अन्य निकायों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। मैं सभी विजेता नगरीय निकायों को बधाई देता हूँ और विश्वास जताता हूं कि छत्तीसगढ़ स्वच्छता के इस अभियान में देश का अग्रणी राज्य बना रहेगा।'

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1543.16 करोड़ रुपए अंतरित किए

# प्रदेश की सभी बहनें हमारा मान हैं, अभिमान हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा में हुआ राज्य-स्तरीय कार्यक्रम, बहनों ने सावन में मुख्यमंत्री को बांधी राखी, **हर बहन को बनाकर देंगे पक्का मकान**

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राखी भाई-बहन के परस्पर स्नेह का बंधन है। यह अनंतकाल से चला आ रहा अटूट बंधन है। राखी आई है, तो भाई का बहन को शगुन देना लाजिमी है। राखी 9 अगस्त को है। इसलिए राखी से पहले हमारी सरकार सभी लाड़ली बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि शगुन के रूप में देगी। अगस्त माह में प्रत्येक लाड़ली बहन को 1500 रुपए मिलेंगे। हम यही नहीं रुकेंगे, बल्कि प्रदेश की हर लाड़ली बहन को पक्का मकान भी बनाकर देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा में लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता राशि सहित अन्य योजनाओं के तहत बहनों को सहायता राशि वितरण के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.27 करोड़ लाडली बहनों को 26वीं किश्त के रूप में 1543.16 करोड़ रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 30 लाख से अधिक बहनों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 46.34 करोड़ रुपए सब्सिडी राशि तथा 56.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपए की पेंशन राशि भी उनके बैंक खातों में अंतरित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा भाईदूज तक राज्य सरकार सभी लाड़ली बहनों को 1250 रुपए से बढ़ाकर हर माह 1500 रूपए सहायता राशि देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार का संकल्प दोहराते हुए कहा कि लाड़ली बहनों को दी जा रही यह सहायता राशि धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रूपये प्रतिमाह कर दी जाएगी।

इस अवसर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलन एवं कन्या-पूजन के साथ राज्यस्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही लाड़ली बहनों का पुष्पवर्षा के साथ अभिवादन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों ने पवित्र श्रावण मास में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राखी बांधी। बहनों की ओर से मुख्यमंत्री को एक विशाल राखी भी भेंट की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रदेश की 30 लाख बहनों को उज्ज्वला गैस योजना की सब्सिडी के रूप में 46.34 करोड़ रुपए भेजे गए हैं। इसी क्रम में अलग-अलग 6 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 56.74 लाख से अधिक हितग्राहियों को कुल 340 करोड़ रुपए की पेंशन राशि भी दी गई है।



#### किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार 'हर खेत को पानी, हर हाथ को काम' की भावना से काम कर रही है। प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत प्रदेश के सभी किसानों को भारी भरकम बिजली बिल से मुक्ति दिलाने के लिए 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने के लिए हमने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। प्रदेश में पशुपालकों से सहकारी समितियों के माध्यम से दूध खरीदा जाएगा। दूध उत्पादन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ेगी। हमने प्रदेश में दूध उत्पादन वर्तमान 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सरकार विरासत के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार जन्माष्टमी, दशहरा, शस्त्र-पूजन, दीपावली, भाईदूज जैसे सभी त्यौहार धूमधाम से मनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों को बधाई देते हुए कहा कि अगले कुछ सालों में ही देश की सभी बहनों को लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में आरक्षण का लाभ मिलेगा। अभी निकाय चुनावों में महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है।

## यूपी के चित्रकूट में बाढ़, सड़कों पर 3-5 फीट पानी

### छत्तीसगढ़ में नदी से युवक का रेस्क्यू; हिमाचल के मंडी में लैंडस्लाइड, 250 सड़कें बंद



**एजेंसी ● नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में तेज बारिश जारी है। यहां मंदाकनी नदी उफान पर है। तेज बारिश के कारण सड़कों पर 3 से 5 फीट तक पानी भर गया है। ड्रोन फुटेज में शहर के मुख्य इलाकों में केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है।

यहां रामघाट पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। 30 फीट ऊंचा फुट ओवर ब्रिज डूब चुका है। घर, स्कूल, मंदिर, होटल, घाट, दुकानें, पुल सब पानी में डूबे हुए हैं। कानपुर में तेज बारिश से रेलवे ट्रैस धंस गया।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर लैंडस्लाइड हुआ। चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे दोनों ओर से बंद हो गया। यहां सैकड़ों वाहन फंसे हैं। कई किलोमीटर लंबा जाम है। राज्यभर में 250 सड़कें बंद हैं।

राजस्थान में शुक्रवार को बीकानेर, झुंझुनूं सहित 13 जिलों में 4 इंच तक बरसात हुई। धौलपुर में पार्वती नदी में डूबने से एक युव क की मौत हो गई। श्रीमाधोपुर में दुकानों में पानी घुस गया। फलोदी में शहर के बीच पानी नदी की तरह बहने लगा।

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में बाकी नदी में युवक बह गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से उसका रेस्क्यू किया। राज्य में 1 जून से अब तक 362.1 mm एवरेज बारिश हुई है। आज रायपुर, बलौदा-बाजार, जांजगीर-चांपा, बलरामपुर, कोरिया सहित 13 जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट है।

### नक्सलवाद से लोकतंत्र की ओर लौटता बस्तर

## 24 घंटे में 45 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

### सुकमा में 1.18 करोड़ रुपये के 23 इनामी नक्सली मुख्यधारा में लौटे, बीते 15 महीनों में 1521 ने छोड़ी हिंसा

**संवाददाता ● रायपुर**

छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों में बदलाव की बयार बह रही है। बस्तर बदल रहा है, बंदूकें थम रही हैं और लोकतंत्र की लौ अब हर कोने में जल रही है। इसी परिवर्तनशील वातावरण में आज सुकमा जिले में 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन्हें मिलाकर पिछले 24 घंटों में कुल 45 नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास जताया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अभूतपूर्व घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल आत्मसमर्पण नहीं है, बल्कि विश्वास की उस जीत का प्रतीक है, जो हमारी सरकार ने 'नियद नेल्ला नार' जैसी जनउन्मुख योजनाओं के माध्यम से गाँव-गाँव तक पहुँचाया है। अब यहां बंदूक की गोली नहीं, विकास की बोली सुनाई दे रही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले 15 महीनों में 1521 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकार की पहुंच और विश्वास निरंतर बढ़ा है। यह सफलता राज्य सरकार की 'नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025' की सकारात्मकता को भी दर्शाती है, जिसके तहत हथियार छोड़ने वाले नक्सलियों को न केवल सामाजिक सम्मान, बल्कि पुनर्वास और आजीविका का अवसर भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह परिवर्तन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में चल रहे सुशासन के विजन का सजीव उदाहरण है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारा प्रदेश तय समय-सीमा के भीतर नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त होगा और बस्तर क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा।

### ओडिशा के कॉलेज में छात्रा ने आग लगाई

**एजेंसी ● भुवनेश्वर**

ओडिशा के बालेश्वर में बीएड सेकेंड ईयर की छात्रा ने खुद पर केरोसीन डालकर कॉलेज कैंपस में आग लगा ली। घटना शनिवार दोपहर करीब 1 बजे हुई। छात्रा को बचाने के दौरान एक छात्र भी झुलसा है। छात्र और छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा की हालत नाजुक है। बीएड डिपार्टमेंट के एचओडी समीर कुमार साहू पर पीड़ित छात्रा समेत दूसरी छात्राओं के मानसिक और शारीरिक शोषण के आरोप हैं। कॉलेज प्रशासन से साहू की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई एक्शन नहीं लेने पर छात्रा ने खुद को आग लगा ली।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश : दोनों इंजन बंद होने से हुआ हादसा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

अहमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने 12 जुलाई को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था।

टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं।

अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक्सपर्ट के हवाले से कहा है कि रिपोर्ट में शामिल सभी प्वाइंट्स प्लेन में टेक्निकल गड़बड़ी न होने और पायलट से चूक की ओर इशारा कर रहे हैं।

12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

### 'राइजिंग छत्तीसगढ़' कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री साय ने रखा दूरदर्शी विकास का रोडमैप

# हर क्षेत्र में विकास को दी जा रही है तीव्र गति : सीएम साय

**संवाददाता ● रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर में न्यूज़18 मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित भव्य 'राइजिंग छत्तीसगढ़' कॉन्क्लेव में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि उनकी सरकार छत्तीसगढ़ में समावेशी विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता ने हमें ऐतिहासिक समर्थन दिया और हमने सरकार बनते ही काम की शुरुआत कर दी। पहले ही कैबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिससे आज हज़ारों



परिवारों को गृहप्रवेश का अवसर मिल रहा है। कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए हमारी सरकार ने किसानों को दो वर्षों की बकाया राशि सहित 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी शुरू की है। महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1000 की सहायता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जनजातीय सशक्तिकरण के तहत चरण पादुका वितरण से लेकर तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस तथा तीर्थदर्शन योजना के माध्यम से गरीबों को धार्मिक यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पंचायतों में बैंकिंग सुविधा पहुंचाने का वादा किया था, जिसके तहत 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल केंद्रों की स्थापना हो चुकी है, और इसका जल्द ही विस्तार प्रदेश की सभी पंचायतों तक किया जाएगा। रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुनः महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार नक्सल मुक्त भारत अभियान को गंभीरता से आगे बढ़ा रही है। केंद्र सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करने की समयसीमा तय की गई है, और हम नियद नेल्लार योजना के अंतर्गत गांवों में तेज़ी से विकास कार्य कर रहे हैं। डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से यह परिवर्तन संभव हो पा रहा है। 'राइजिंग छत्तीसगढ़' कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ की संभावनाओं, उपलब्धियों और आगे की दिशा पर केंद्रित अनेक विचारोत्तेजक सत्र आयोजित किए गए। कॉन्क्लेव ने शासन, सशक्तिकरण और नवाचार पर संवाद का एक प्रभावशाली मंच प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ के विजन को राष्ट्रीय पटल पर मजबूती से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं कृषि मंत्री डॉ. रामविचार नेताम भी उपस्थित थे।

### बैज बोले-जनता की जेब में डाका-डाल रही सरकार

# बिजली-बिल पर बवाल... कांग्रेस ने जलाई प्रतियां

## सीएम साय बोले- किसानों-गरीबों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

**संवाददाता ● रायपुर**

**छत्तीसगढ़ की साय सरकार के खिलाफ कांग्रेस आक्रामक है। बिजली के बढ़े दामों के खिलाफ कांग्रेस ने शनिवार को बूढ़ापारा स्थित CSPDCL (बिजली ऑफिस) के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली बिलों की प्रतियां जलाकर नाराजगी जताई।**

**प्रदर्शन**

बिजली बिल के खिलाफ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इतिहास गवाह है कि भाजपा की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। साय सरकार ने चौथी बार बिजली के दाम बढ़ाए हैं। साय सरकार जनता की जेब में डाका डाल रही है। बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेशभर में बिजली कटौती शुरू हो गई। लगातार दाम बढ़ाए जा रहे हैं। राज्य में कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और बिजली हमें ऊंची दरों पर बेची जा रही है? सरकार के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से प्रदेशभर में आंदोलन करेंगे।

वहीं इस पर CM विष्णुदेव साय ने कहा कि बिजली दर में बढ़ोतरी का किसानों और गरीबों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। घरेलू बिजली में 10 से 20 पैसा प्रति यूनिट बढ़ा है। गरीबों को हॉफ बिजली का लाभ देते हैं। किसानों के लिए बिजली बिल में 50 पैसे बढ़ाए गए हैं, लेकिन सरकार 3 HP में 3 हजार यूनिट फ्री दे रही है। सरकार वह पैसा बिजली विभाग देती है।

दीपक बैज ने कहा कि 2003 से 2018 तक रमन सरकार ने हर साल बिजली के दाम बढ़ाए। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं को 3.30 रुपए की दर से बिजली मिलती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमन सिंह के कार्यकाल में बढ़ाकर 6.40 रुपए कर दिया गया।

### कांग्रेस ने 3 हजार 240 करोड़ की सब्सिडी दी

बैज ने कहा कि भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के 65 लाख से ज़्यादा घरेलू उपभोक्ताओं राहत दी। बिजली बिल हाफ योजना के तहत लगभग 3 हजार 240 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी। किसानों को 5 एचपी तक मुफ़्त बिजली, बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुफ़्त बिजली दी गई। अस्पतालों और उद्योगों को रियायती दरों पर बिजली देकर राहत दी गई।



**बिजली बिल का जनता की जेब पर कितना असर पड़ेगा?**

बता दें कि, छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं को अगस्त से बढ़ा हुआ बिल भरना पड़ेगा। बिजली नियामक आयोग शुक्रवार को नया टैरिफ जारी किया है। आयोग और बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 20 पैसे ज्यादा देना होगा। इसी तरह कॉमर्शियल के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट ज्यादा देना होगा। वहीं इस बढ़ोतरी को कांग्रेस ने जनता पर अत्याचार बताया है। अधिकारियों के मुताबिक नुकसान की भरपाई करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### जून 2025 से शुरु हुई थी प्रक्रिया

बिजली यूनिट बढ़ाने की कवायद 20 जून से शुरू हुई थी। आयोग के अध्यक्ष ने उपभोक्ताओं को जनसुनवाई के लिए आमंत्रित किया था। जनसुनवाई की जानकारी मिलने पर आयोग दफ्तर पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों ने जमकर प्रदर्शन किया था। आयोग के पदाधिकारियों घरेलू उपभोक्ता, कॉमर्शियल उपभोक्ता, किसान और बिजली कंपनी के अधिकारियों से पक्ष जानने के बाद बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है।

### कंपनी ने भेजा 20 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव

राज्य विद्युत वितरण कंपनी (CSPDCL) ने छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग को 4550 करोड़ रुपए का घाटा बताते हुए 20 पैसे बिजली दर वृद्धि का प्रस्ताव भेजा था। तर्क दिया गया है कि, लाइन लॉस, बिजली चोरी की वजह से कंपनी को राजस्व में नुकसान हो रहा है।

---

**शॉट न्यूज**

### पुलिस ने नदी में उतरकर बहते युवक को बचाया

सूरजपुर। सूरजपुर जिले में पुलिस ने नदी में उतरकर बहते युवक की जान बचाई। 11 जुलाई को शांति नगर के बाकी नदी में एक युवक बह गया था। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को चाचीडाड गांव के पास एक व्यक्ति के नदी में बहने की सूचना मिली। पुलिस टीम तुरंत पुल पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से पहले रस्सी फेंककर बचाने का प्रयास किया गया। जब यह प्रयास विफल हुआ तो बांस और रस्सी का उपयोग कर खुद नदी में उतरी और युवक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मामला प्रतापपुर थाना क्षेत्र का है। बचाव कार्य में गोटगवा गांव के ग्रामीण भी शामिल थे। नदी से बाहर निकाले गए युवक की पहचान जगन्नाथपुर निवासी विनय टोप्पो (19) के रूप में हुई। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर ले जाया गया।

### कोरबा में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। बालको थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सरना सिंकू (26) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पहले भी अपने बेटे की हत्या के मामले में जेल जा चुका है। कुछ महीने पहले ही वह जमानत पर बाहर आया था। बताया जा रहा है कि, लालघाट के मुंडा मोहल्ला निवासी आरोपी सरना सिंकू ने 11 साल की बच्ची को खाना बनाने के बहाने अपने घर बुलाया। बच्ची की मां को उसने कहा कि उसे भूख लगी है और खाना नहीं बन रहा है। मां ने बच्ची को भेज दिया। काफी देर तक बच्ची के घर न लौटने पर मां ने एक लड़के को देखने भेजा। इस दौरान आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था। बच्ची ने डर के साथ अपनी आपबीती बताई।

### एक सीट के पीछे 35 कैंडिडेट, दो लाख से अधिक ने दिया एग्जाम

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने 22 मई को प्री.डी.एल.एड. (D.El.Ed.25) और प्री.बी.एड. (B.Ed.25) में एडमिशन के लिए एग्जाम लिया था। मंडल ने B.Ed. का रिजल्ट जारी कर दिया था। इसके बाद अब D.El.Ed. का रिजल्ट भी जारी कर दिया गया है। उम्मीदवार व्यापम की ऑफिशियल साइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इसके साथ ही 2 लाख 61 हजार 84 अभ्यर्थियों की कंबाइंड मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी गई है। जबकि सीट सिर्फ 6,720 हैं। यानी एक सीट के लिए औसतन लगभग 39 उम्मीदवारों ने एग्जाम दिया है। हालांकि B.Ed. और D.El.Ed इन दोनों के लिए ही अब तक SCERT ने काउंसलिंग की डेट अनाउंस नहीं की हैं। इसमें एक महीने का वक्त और लग सकता है। प्रदेश में पिछली बार बी.एड. की 14,400 सीटें थी। वहीं डीएलएड 6,720 सीटें थी। लेकिन इस बार ये सीटें कम हो सकती हैं।

---

# बिलासपुर में सूदखोर के घर से 19 बाइक बरामद

### बिना लाइसेंस ब्याज में दिया कर्ज

**संवाददाता ● बिलासपुर**

बिलासपुर में पुलिस ने सूदखोर पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। उसके पास से 19 बाइक भी जब्त किया है। दरअसल, सूदखोर ने बिना लाइसेंस लोगों को ब्याज पर रुपए कर्ज देकर बाइक और दस्तावेज बंधक रख लिया था। जिस पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

**कार्रवाई**

इस मामले में टीआई नीलेश पांडेय ने बताया कि, ग्राम पंधी निवासी भागवत प्रसाद सूर्यवंशी ने 10 जुलाई को थाने रिपोर्ट की थी। उसने पुलिस को बताया कि रुपए की जरूरत पड़ने पर उसने ग्राम परसाही निवासी महेश कुमार डहरिया (42) से संपर्क कर 18 हजार रुपए 5 प्रतिशत ब्याज पर उधार लिया। इसके बदले में अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एवाई 8098 गिरवी रख दिया। एक महीने का समय पूरा होने से पहले महेश भागवत उसके घर पहुंच गया। उसने ब्याज की रकम और गाड़ी के मूल दस्तावेज मांगे। नहीं देने पर गाड़ी डूबने की बात कहते हुए मारपीट की। टीआई ने बताया कि, महेश की हरकतों से परेशान पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। साथ ही आरोपी की तलाश की। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी महेश ने इस तरह से कई लोगों को ब्याज पर रुपए उधार देकर उनकी बाइक को गिरवी रख लिया है। पुलिस ने उसके घर में दबिश दी, तब एक साथ 19 बाइक और उससे संबंधित दस्तावेज मिले।

**बिना लाइसेंस के ब्याज चलाता था आरोपी** : पुलिस को जांच के दौरान यह भी पता चला कि आरोपी महेश ब्याज देने का धंधा करता है। लेकिन, उसके पास ब्याज चलाने और कर्ज देने के लिए कोई वैध दस्तावेज और लाइसेंस नहीं है। इस पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

### ब्याज नहीं देने पर कर्जदारों से करता था मारपीट

उधार दिए हुए लोगों से ब्याज व पेपर नहीं देने पर आरोपी महेश मारपीट करता था। भागवत भी आरोपी के इसी चक्रव्यूह में फंस गया था। उसने ब्याज की रकम और पेपर देने में देर की तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की, जब उसे पता चला कि ऐसे और भी बहुत से पीड़ित आरोपी के चंगुल में फंसे हुए हैं तो उसने रिपोर्ट दर्ज कराई।

## अंबेडकर की तस्वीर पर फेंके गए गोबर-कीचड़

राजनांदगांव। जिले के डोंगरगढ़ में शुक्रवार रात अज्ञात व्यक्ति ने बाबा साहब डॉ भीवराव अंबेडकर की तस्वीर पर कीचड़ और गोबर फेंक दिया। जिसे हाल ही में लगाया गया था। इस घटना से आक्रोशित बौद्ध समाज के लोगों ने शनिवार को कार्रवाई की मांग लेकर चक्काजाम कर दिया। यह घटना वार्ड क्रमांक 8 बधिया टोला की है। सुबह मामले की जानकारी मिलते ही बौद्ध समाज के लोग सड़क पर उतर आए। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बाबा साहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**बौद्ध समाज के लोगों ने किया चक्काजाम**

नगरपालिका और पुलिस ने संभाला मोर्चा


## स्कूली छात्र ने क्लासमेट पर किया ब्लेड से हमला

**कोरबा**। कोरबा जिले के दादर माध्यमिक शाला में एक छात्र ने दूसरे छात्र पर ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। शनिवार को रिसेस के दौरान उसने घटना को अंजाम दिया और फरार हो गया। दोनों 7वीं क्लास के छात्र हैं। दोनों के बीच पहले से लड़ाई-झगड़ा चल रहा था। स्कूल के शिक्षक सुशील कुमार के अनुसार, सुबह 7:30 बजे स्कूल शुरू हुआ। यह घटना 9:35 बजे रिसेस के दौरान स्कूल से लगी बांसबाड़ी नर्सरी में हुई। हमलावर छात्र ने पीड़ित के गले और चेहरे पर ब्लेड से वार किया और फरार हो गया। घायल छात्र को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

**गले और चेहरे पर आई चोटें**

### कोरबा में DMF राशि की से बना था

# कन्वेंशन हॉल की एक महीने में गिरी सीलिंग



**संवाददाता ● कोरबा**

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में अहिल्याबाई होलकर कन्वेंशन भवन की सीलिंग भरभराकर गिर गई। लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण किया गया था। लोकार्पण के महज एक महीने बाद ही सीलिंग गिर गई। इस मामले में कांग्रेस और भाजपा ने जांच की मांग उठाई है।

**लापरवाही**

जानकारी के मुताबिक, इस कन्वेंशन हॉल का निर्माण डीएमएफ (जिला खनिज फाउंडेशन) राशि से किया गया था। एक ही महीने पहले ही कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में इसका लोकार्पण गया था। सीलिंग गिरने की घटना ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कांग्रेस और भाजपा ने जांच की मांग उठाई

इस मामले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष नत्थू लाल यादव ने कहा, कन्वेंशन हॉल का उद्घाटन हुए महज कुछ ही महीने हुए हैं और जिस तरह से घटना घटी है। उसे निश्चित गुणवत्ता पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ठेकेदार के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### जांच के लिए निर्देशित किया जाएगा

इधर, कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि विभाग को सुधार और जांच के लिए निर्देशित किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए जाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भवन का उद्घाटन पहले हो चुका था। हाल ही में माता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर नामकरण का कार्यक्रम रखा गया था। नियमानुसार इस मामले की जांच होनी चाहिए।

# बलौदाबाजार में रजिस्ट्री कार्यालय का सर्वर डाउन

**संवाददाता ● बलौदाबाजार**

बलौदाबाजार जिले के पंजीयक कार्यालय में सर्वर की तकनीकी खराबी से जमीन की रजिस्ट्री प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कार्यालय में 10 जुलाई से 'मायडिड' सिस्टम की शुरुआत की गई है। यह नेशनल जनरल डॉक्युमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम के तहत काम करता है।

**डाउन**

नए सिस्टम में आ रही तकनीकी खराबी के कारण न तो नए दस्तावेजों की एंट्री हो पा रही है और न ही पुराने दस्तावेजों के अपॉइंटमेंट बुक हो पा रहे हैं। इससे लोगों को कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### लोग दफ्तर के काट रहे चक्कर

उप पंजीयक विपुल श्रीवास्तव ने बताया कि नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) से इस समस्या के समाधान के लिए बातचीत की गई है। जल्द ही सिस्टम सामान्य हो जाएगा। ग्रामीण रूपेश वर्मा ने बताया कि वे तीन दिन से रजिस्ट्री कराने आ रहे हैं। तेजराम वर्मा भी दो दिन से कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनका कहना है कि समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।



### अपग्रेड करने के दौरान समस्या अस्थायी

प्रशासन का कहना है कि सिस्टम को अपग्रेड करने के दौरान यह समस्या अस्थायी है और जल्द ही इसे ठीक कर लिया जाएगा। उप पंजीयक ने लोगों से धैर्य रखने की अपील की है और आश्वासन दिया है कि जिन लोगों का काम रुका हुआ है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा।

**पहले देनी चाहिए थी जानकारी** : हालांकि, लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन को पहले से ही पता था कि सिस्टम में बदलाव होने वाला है, तो उन्हें पहले ही सूचित कर दिया जाना चाहिए था। अब लोगों की उम्मीद है कि जल्द ही सिस्टम सुचारू रूप से काम करना शुरू कर देगा और उनका काम हो सकेगा।

# बछड़े को कार से कुचलकर मारने का वीडियो वायरल

**संवाददाता ● बिलासपुर**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में कार सवार ने बछड़े पर कार चढ़ा दिया। मौके पर ही बछड़े की मौत हो गई। सड़क पर खून ही खून बिखर गया। कार चढ़ाने के बाद ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी। मौके से भाग निकला। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

वारदात CCTV कैमरे में कैद हो गई है। CCTV फुटेज में दिख रहा है कि बछड़ा अपनी मां (गाय) के साथ चल रहा था। कुछ देर के लिए वो अपनी मां से अलग हुआ। इसी बीच कार आई और कुचल दिया। बछड़े की आवाज सुनकर गाय उसके पास पहुंची। उसे चाट-चाटकर उठाने की कोशिश करती रही। दरअसल, घटना 9 जुलाई यानी बुधवार शाम 4 बजे की है। दयालबंद के नारियल कोठी स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास गाय अपने बछड़े के साथ सड़क पर घूम रही थी। इसी दौरान एक काले कलर की आई और मोड़ पर ही मुड़ते वक्त बछड़े को कुचल दिया। इसके बाद टिकरापारा निवासी मोहित यादव गौ सेवक को किसी ने फोन पर बताया कि बछड़े को कार ने कुचल दिया है। जानकारी मिलते ही गौ सेवक मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बछड़े की मौत हो चुकी थी।उन्होंने आसपास के गौ पालकों से जानकारी ली। इस दौरान गाय और बछड़े के मालिक की पतासाजी की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बछड़े का अंतिम संस्कार कर किया गया। साथ ही कोतवाली थाने में आरोपी ड्राइवर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### 3 बच्चियां और एक लड़का, सभी की उम्र 5-8 साल, कपड़े-चप्पल देखकर चला पता

# डूबने से भाई-बहन समेत 4 बच्चों की मौत

**संवाददाता ● जांजगीर**

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में शनिवार दोपहर तालाब में नहाने गए भाई-बहन समेत 4 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मरने वालों में 3 लड़कियां और एक लड़का शामिल है। चारों बच्चे अलग-अलग तीन परिवार के थे। घटना बलोदा थाना क्षेत्र के भैंसतरा गांव की है।

**हादसा**

मिली जानकारी के मुताबिक मृत बच्चों में 8 साल पुष्पांजली श्रीवास, 5 साल का तुषार श्रीवास, 6 साल की ख्याति केंवट और 6 साल की अंबिका यादव शामिल हैं। पुष्पांजली श्रीवास और तुषार भाई-बहन हैं। बलोदा पुलिस ने बच्चों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### जानिए क्या है पूरा मामला?

शनिवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच चारों बच्चे स्कूल से लौटे। घर में बैग रखकर तालाब की ओर चल दिए। तालाब उनके घरों से अधिक दूर नहीं था। यह गांव में रोजमर्रा की एक सामान्य बात थी। बच्चे गर्मी में तालाब में नहाते थे, लेकिन इस बार बड़ा हादसा हो गया। परिजनों ने बताया कि कुछ समय बाद जब बच्चे वापस नहीं लौटे, तो परिजन परेशान हुए। उनकी खोज में निकल पड़े। तालाब के किनारे बच्चों के कपड़े और चप्पल पड़े देखे गए, जिससे अनहोनी का शक हुआ। ग्रामीणों ने पानी में तलाश शुरू की। कुछ ही देर में चारों को बाहर निकाला गया।



**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद की जाएगी कार्रवाई**

एएसपी उमेश कश्यप ने बताया कि डूबने से चारों बच्चों की मौत है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

### अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन जीवन नहीं बच सका

इसके बाद परिजन तुरंत सीएचसी बलौदा अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर्स ने जांच के बाद चारों को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे की सूचना मिलने पर बलौदा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। भैंसतरा गांव में चार बच्चों की एक साथ मौत से पूरे इलाके में मातम छा गया है। एक साथ चार अर्थियां सजने की खबर ने हर आंख नम कर दी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीण भी स्तब्ध हैं कि ऐसा हादसा कैसे हो गया।

## शहर के विकास में बाधक बन रहे मकान तोड़े...




निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर सड़क चौड़ीकरण में बाधक मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की । यह कार्रवाई लाइफ लाइन रोड (प्रेमसुख टॉकीज) के पास की गई। इस सड़क का कई हिस्सों में निर्माण हो चुका है, कुछ हिस्सा बाकी है इसी कोलेकर कार्रवाई की जा रहीहै।

## मकान बेचने से मना किया तो दामाद ने पीटा

**विशेष संवाददाता ● इंदौर**

चंदन नगर थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला की शिकायत पर पुलिस ने दामाद के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। फरियादी शांताबाई पति टीकाराम यादव (75) ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसका नंदन नगर में मकान है जहां बेटी दामाद मुकेश पिता कन्हैया लाल साथ में रहता है। फरियादी के मुताबिक मुकेश ने कल दोपहर कहा कि तुम यहां से चली जाओ मुझे मकान बेचना है। मैंने कहा कि यह मकान मेरा है मेरे नहीं रहने के बाद तुम ही इस मकान में रहना। इतना सुनने के बाद दामाद ने गालियां दी। गाली देने से मना किया तो उसने गला पकड़ कर धक्का देकर गिरा दिया, जिससे गले-कमर पर चोट आई। मेरी बेटी रुक्मणी ने बीच बचाव किया तो दामाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। चंदन नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी प्रकार बड़ी भमोरी में रहने वाली उषा मालवीय 30 साल की रिपोर्ट पर पति सुरेश के खिलाफ मारपीट की धारा में केस दर्ज किया। फरियादी उषा ने पुलिस को बताया कि पति को शराब पीने से मना किया तो उसने बेल्ट और डंडे से मारपीट की जिसमें वह घायल हो गई।

### खण्डवा-इन्दौर मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

# कावड़ यात्रा के चलते भारी वाहनों पर लगाया प्रतिबंध

**विशेष संवाददाता ● इंदौर**

श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही शुरू हो रही धार्मिक यात्राओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए खंडवा जिला प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के मद्देनजर महत्वपूर्ण फैसला लिया है। कल से प्रारंभ हुई श्रावण मास की कावड़ यात्राओं के मद्देनजर खण्डवा-इन्दौर मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है।

जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह मार्ग अत्यंत व्यस्त रहने से दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

अतः जन सुरक्षा, शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। कल से इन्दौर-इच्छापुर मार्ग पर मालवाहक भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित हुआ। बुरहानपुर की ओर से जिले में प्रवेश करने वाले भारी वाहन खण्डवा जिले के ग्राम देशग्राम से होते हुए एबी रोड तक पहुंच सकेंगे। इन्दौर से चलने वाले भारी वाहन तेजाजी नगर से डायवर्ड होकर मानपुर-खरगोन के रास्ते होते हुए ग्राम देशगांव में प्रवेश कर देशगांव के आगे मार्ग से बुरहानपुर तक पहुंच सकेंगे।

आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। इनमें दूध वाहन, दवा वाहन, अग्निशमन वाहन, विद्युत मण्डल के कार्य हेतु चलने वाले वाहन, एलपीजी/पेट्रोलियम पदार्थों के 20 किलो लीटर क्षमता तक के टैंकर तथा यात्री बसें शामिल हैं। यह आदेश 11 जुलाई 2025 से प्रभावशील होगा।

## लोन आवेदन में फर्जी सैलरी स्लिप का इस्तेमाल, दो पर केस

इंदौर। विजयनगर पुलिस ने प्रतिष्ठित कंपनी का कर्मचारी बताकर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने फरियादी ऋतुराज सिंह पिता स्वर्गीय रघुवीर प्रताप सिंह 46 साल निवासी मनोरमागंज की रिपोर्ट पर देवेंद्र सिंह और शैलेश अहिरवार के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ब्लू स्टार कंपनी का मुख्यालय C21 मल के पीछे है। दोनों आरोपियों ने 1 अक्टूबर 20 24 को स्वयं को ब्लू स्टार कंपनी का कर्मचारी बताते हुए लोन आवेदन के लिए कंपनी की फर्जी सैलरी स्लिप लगाकर धोखाधड़ी की। इसी प्रकार फरियादी प्रशांत पिता विजय शंकर तिवारी निवासी सिलिकॉन सिटी की रिपोर्ट पर राहुल पिता अनिल शर्मा निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज किया। प्रशांत के मुताबिक आरोपी राहुल शर्मा ने शेयर बाजार में निवेश करने के नाम पर दो लाख रुपए हड़प लिए। राजेंद्र नगर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## बकाया वेतन जारी करने के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथ धराया कंप्यूटर ऑपरेटर

### कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस ने की कार्रवाई

**विशेष संवाददाता ● इंदौर**



बकाया वेतन और अन्य भत्ते को निकालने के एवज में 35 हजार की रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर को लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी अनुसार बड़वानी जिले के ठीकरी ब्लॉक के कालापानी उपस्वास्थ्य केंद्र पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर डॉ बलवीर सिंह वर्मा पिता छिंगेलाल वर्मा शिकायत की कि उसे दो माह का वेतन और अन्य भत्ते निकालने हैं। यह संपूर्ण धनराशि करीब दो लाख 87 हजार रुपए होती है। वर्मा ने अपने वेतन एवं पी.वी.आई. परफॉर्मेंस बेस इंसेंटिव के भुगतान करवाने के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठिकरी में डॉ राजवीर तोमर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी और राहुल कुमार गुप्ता, ब्लॉक कम्प्यूटर आपरेटर से संपर्क किया। वर्मा के रूके हुए वेतन और पी. बी.आई की राशि निकालने के एवज में उनसे 50 हजार की रिश्वत की मांग की गई। जिसकी शिकायत वर्मा ने लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय, इंदौर को की गई, जिसकी जांच में शिकायत सही पाए जाने पर ट्रेपदल का गठन किया गया और आरोपी राहुल कुमार गुप्ता ने वर्मा से जैसे ही 35 हजार रिश्वत ली, उसे रंगेहाथों धर लिया। कार्रवाई में कार्यवाहक उपुअ आनंद चौहान, निरीक्षक राहुल गजभिये, प्रधान आरक्षक रंजीत द्विवेदी, आरक्षक विजय कुमार, अनिल परमार, चेतन सिंह परिहार, आशीष आर्य आरक्षक कमलेश तिवारी, आरक्षक श्रीकृष्ण अहिरवार और अन्य का सहयोग रहा।

## ज्वेलर की आत्महत्या में 4 फंसे

### ब्याज को लेकर करते थे परेशान

### आत्महत्या के दो साल बाद दर्ज हुआ केस

**विशेष संवाददाता ● इंदौर**

दो साल पहले ज्वेलर द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में अब पुलिस ने ब्याज के लिए परेशान करने वाले आरोपी व्यापारी व उसके दो बेटों सहित 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। ज्वेलर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। पुलिस को दस पेज का सुसाइड नोट मिला था जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।

विजय नगर पुलिस के मुताबिक गत 11 मई 2023 को ज्वेलर विजय पिता चोइथराम गिदवानी निवासी शीतल नगर ने रात में अपने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने उसके पास से एक दस पेज का एक सुसाइड नोट बरामद किया था। उसने सुसाइड नोट में कई नामों का जिक्र किया है। इनमें सुसाइड नोट के पेज नंबर 10 पर उसने शरीफ भाई , विपीन लाहोटी पिता वल्लभ लाहोटी , विनय लाहोटी पिता वल्लभ लाहोटी और वल्लभ लाहोटी पिता दाऊलाल लाहोटी तीनो निवासी नार्थ राज मोहल्ला नाम उल्लेखित किया था।उक्त आरोपी पिता पुत्रो व शरीफ द्वारा उसे ब्याज के लिए लगातार परेशान कर रहे थे।जांच में ये भी पता चला कि उसने बैंक से भी 20 लाख का कर्ज लिया था। लगातार व्यापारियों के दबाव में वह बैंक की किश्त भी जमा नहीं कर पा रहे थे।पुलिस ने जांच के आधार पर घटना के दो साल बाद सुसाइड नोट में लिखे नामों केआधार पर आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज किया हैं।पुलिस के मुताबिक इन कर्जदारों और ब्याज के तगादे से परेशान होकर विजय ने आत्महत्या की थी।

## युवक की लाश मिली

**इंदौर**। देपालपुर इलाके में इंदौर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास से युवक की लाश मिली हैं। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी हैं। देपालपुर पुलिस को आज सुबह लाश मिलने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पेट्रोल पंप के पास खाली मैदान से युवक का शव बरामद किया। जिसकी पहचान रवि पिता कैलाश राव, निवासी भोलेनाथ कॉलोनी, देपालपुर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक युवक की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।पीएम रिपोर्ट से ही उसकी मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही हैं।

## इंदौर में स्माइल योजना पर कार्यशाला संपन्न

### भिक्षावृत्ति में जुड़े व्यक्तियों के पुनर्वास पर मंथन

**विशेष संवाददाता ● इंदौर**

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में सचिव अमित यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्माइल उपयोजना के अंतर्गत 'भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों के समग्र पुनर्वास' पर केंद्रित था। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया गया, जिसमें देशभर से विभिन्न नोडल अधिकारी एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। स्वागत भाषण अतिरिक्त सचिव करालिन खोंगवर देशमुख ने दिया। इसके पश्चात प्रमुख सचिव सोनाली पोंक्षे वायंगणकर (न्याय एवं विकलांगता विभाग, म.प्र.) तथा अपर मुख्य सचिव नगरीय एवं आवास विभाग संजय दुबे ने संबोधित किया। सचिव अमित यादव द्वारा की गई मुख्य वक्तव्य प्रस्तुति ने स्माइल योजना के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। निदेशक डॉ. काजल सिंह द्वारा योजना की वर्तमान स्थिति पर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में 'मोबिलाइजेशन/राहत एवं प्रारंभिक पुनर्वास' विषय पर पहला सत्र हुआ, जिसमें डॉ. रंजना सहगल ने विचार साझा किए। पुनर्वासित व्यक्तियों ने भी अपने अनुभव साझा कर उपस्थित जनों को प्रेरित किया।

दूसरे सत्र में स्वरोजगार एवं कौशल विकास पर श्वेता भट्टाचार्य (एनएसडीसी) ने बताया कि किस प्रकार विभिन्न सरकारी योजनाओं के समन्वय से भिक्षावृत्ति में संलग्न लोगों को आजीविका के अवसर मिल सकते हैं। इसके उपरांत एक पैनल चर्चा आयोजित हुई जिसमें केरल,उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान से आए प्रतिनिधियों ने अपने राज्यों में लागू मॉडल्स की जानकारी दी। चर्चा का संचालन रामाशंकर पांडेय ने किया।

इसके बाद सचिव अमित यादव ने आगे की रणनीति पर विचार सांझा किये। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में तकनीकी मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें वित्तीय प्रबंधन पर DoSJE की संयुक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार श्रीमती देवोलीना ठाकुर ने प्रकाश डाला।

## लाखों की ब्राउन शुगर सहित दो पकड़ाए

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने बाइक सवार दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ब्राउन शुगर जब्त की गई हैं। फिलहाल उन्हें हिरासत में लेकर ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही हैं। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा संदिग्ध की चेकिंग के दौरान पेपर ट्रेड लिंक के पास पोलोग्राउंड बाइक सवार दो बदमाशों को पकड़ा हैं। पूछताछ में आरोपियों के नाम नीरज गोस्वामी निवासी राज नगर व मनीष बजाज निवासी नगीन नगर पता चले। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 15.35 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे नशा करने का आदि है नशे की लत पूरी करने की नियत से अवैध मादक पदार्थ सस्ते में खरीदकर महंगे दामों पर नशे के आदि लोगों बिक्री करने का कार्य करते थे।आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ 'ब्राउन शुगर' के अलावा 2 मोबाइल 1 मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं।

**पहल**

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने "मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025" में "कल के शहरों का निर्माण" थीम पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया

# सीएम ने शहरी विकास के मॉडल एवं नवाचारों पर आधारित

**विशेष संवाददाता ● इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' अन्तर्गत प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में विकास के लिए संचालित विभिन्न प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विकसित सुदृढ़ अधोसंरचना ,नवाचारों, निवेश प्रोत्साहन नीतियों एवं योजनाओं से संबंधित 'कल के शहरों का निर्माण' थीम पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। प्रदर्शनी में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट , कमिश्नर नगरीय विकास एवं आवास संकेत भोंडवे, कमिश्नर दीपक सिंह एवं अन्य मौजूद रहें।

प्रदर्शनी में इंदौर विकास प्राधिकरण की प्रदर्शनी में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह द्वारा अधोसंरचना विकास के लिए अपनाए मॉडल जिसमें पीपीपी मॉडल पर आधारित बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स पार्क के निर्माण , एयरपोर्ट के पास कन्वेंशन सेंटर , इंदौर में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए निर्माणाधीन स्टार्टअप पार्क की प्रदर्शनी के संबंध में अवगत कराया। इंदौर विकास प्राधिकरण की प्रदर्शनी में सारे प्रोजेक्ट्स की जानकारी को डिजिटली उपलब्ध कराने के लिए वो क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई हैं। प्रदर्शनी स्थल पर डिजिटल व्यवस्था देखकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रसन्नता व्यक्त की।

'कल के शहरों' के निर्माण में मेट्रो रेल की भूमिका को दर्शाने वाली प्रदर्शनी में इंदौर मेट्रो रेल परियोजना (येलो लाइन),भोपाल मेट्रो रेल परियोजना (ऑरेंज और ब्लू लाइन),रोलिंग स्टॉक (ट्रेन) पदेशी तकनीक से निर्मित आधुनिक मेट्रो ट्रेनें,सूचनात्मक पैनल को प्रदर्शित किया गया।

टेक्नोलॉजी आधारित विकास की पांच परिवर्तनकारी नीतियाँ जो क्षेत्रीय नवाचार और निवेश को गति दे रही राज्य की पांच प्रमुख नीतियाँ आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) नीति 2025, ड्रोन प्रोत्साहन एवं उपयोग नीति 2025, एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी) नीति 2025, सेमीकंडक्टर नीति 2025 का प्रदर्शन किया।



### मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम

मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम इंदौर क्षेत्र द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी प्रस्तुत की जा रही है, जो राज्य के प्रमुख अधोसंरचना परियोजना जो प्रदेश के गतिशील औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, तेजी से विकसित होती आईटी अवसंरचना, और समावेशी शहरी विकास को प्रदर्शित करती हैं। जिसमें विशेष रूप से इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर ,आईटी पार्क-3, इंदौर, आईटी पार्क-4, सुपर कॉरिडोर, इंदौर कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास , रेडीमेड गारमेंट कॉम्प्लेक्स में प्लग एंड प्ले सुविधा को प्रदर्शित किया गया। प्रदेश में हरित विकास को बढ़ावा देने वाली विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के नवाचारों को भी प्रदर्शनी में शामिल किया। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कचरा संग्रहण एवं कचरा निस्तारण के लिए ईवी का प्रदर्शन किया गया। जिसकी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के उद्योगपतियों की सराहना की।

संपादकीय

## नया कानून क्यों



महाराष्ट्र विधानसभा में स्पेशल पब्लिक सिक्यॉरिटी बिल ध्वनिमत से पास हुआ। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए इसे जरूरी बताया है। लेकिन इस बिल से जुड़े कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब मिलने चाहिए। विपक्ष ने भी जो आशंकाएं जाहिर की हैं, उन्हें यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि विपक्ष तो विरोध करेगा ही। सीएम फडणवीस ने कहा है कि यह बिल 'अर्बन नक्सलियों' के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लाया गया है। नक्सलवाद की समस्या से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन महाराष्ट्र सरकार जिस 'अर्बन नक्सल' की बात कह रही है, उसकी कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं बताई जा रही। यह शब्द पिछले दशक से चलन में आया है। लेकिन, इसकी स्पष्ट व्याख्या की जरूरत है, ताकि इस शब्द की आड़ में वैचारिक विरोध और असहमति की आवाज को न दबाया जा सके। **स्पष्ट हों प्रावधानः** विपक्ष को भी मुख्य एतराज इसी बात पर है कि बिल में लेफ्ट विंग उग्रवादी विचारधारा की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। हालांकि सीएम भरोसा दे रहे हैं कि नए कानून का उपयोग राजनीतिक प्रदर्शनकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने यही बात लेफ्ट पार्टियों के लिए भी कही, लेकिन इतना काफी नहीं है। किसी भी कानून में सबसे अहम है प्रावधानों की स्पष्टता, ताकि उसे लागू करने में किसी तरह की परेशानी न आए। **जरूरत पर सवालः** हालांकि महाराष्ट्र इस तरह के कानून लाने वाला कोई पहला राज्य नहीं है। इससे पहले चार अन्य राज्यों में ऐसा कानून लाया जा चुका है। लेकिन इससे यह सवाल समाप्त नहीं हो जाता कि आखिर ऐसा कानून लाने की क्या जरूरत आन पड़ी है। देश में नक्सलवाद की समस्या, सरकार के ही दावों के मुताबिक, अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है। देश में नक्सल प्रभावित जिलों की जो संख्या एक समय 180 तक चली गई थी, वह अब 18 रह गई है। इनमें भी ज्यादा प्रभावित जिले 6 बताए जाते हैं। फडणवीस के ही मुताबिक महाराष्ट्र में केवल दो तालुकाओं में नक्सली गतिविधियां बची हैं। तो जो समस्या यों भी खत्म होने पर है, उसके लिए इतने कड़े इस नए कानून की जरूरत क्यों समझी जा रही है? **दूर हों आशंकाएंः** महाराष्ट्र में मकोका और UAPA जैसे सख्त कानून पहले से हैं। ऐसे में 'अर्बन नक्सल' जैसी अस्पष्ट सोच के साथ जोड़कर इतना कड़ा कानून लाए जाने से यह आशंका मजबूत होती है कि कहीं इसका दुरुपयोग आम लोगों के असंतोष को दबाने में न किया जाने लगे। बेहतर होगा सरकार कानून लागू करने से पहले इससे जुड़ी आशंकाओं को दूर करने पर ध्यान दे।

# झींगुर बना छांगुर

**6000 से अधिक लोगों का धर्म-परिवर्तन कराया जा चुका है। उन्होंने पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने की मांग की थी, इस आरोप के बाद एसटीएफ और अन्य एजेंसियां हरकत में आईं तो, सनसनीखेज खुलासे होते चले।**



*– बीपी गौतम*

लेखक राजनीतिक विषयों पर लिखते हैं।




बलरामपुर जिले में उतरौला क्षेत्र के निवासी 50 हजार के इनामी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को विदेशी फंडिंग से धर्मांतरण कराने के प्रकरण में महिला मित्र व कथित बीवी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन के साथ शनिवार को गिरफ्तार किया था। छांगुर बाबा और नसरीन को न्यायालय में पेश किया गया। एनआईए की विशेष अदालत के विशेष न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी ने बुधवार को छांगुर बाबा और नसरीन की सात दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली, दोनों की रिमांड अवधि बृहस्पतिवार से शुरू होगी, इस दौरान छांगुर बाबा से आईबी और एनआईए के अधिकारी भी पूछ-ताछ करेंगे, जिससे और बड़े खुलासे हो सकते हैं, इस मामले की जांच यूपी एटीएस और एसटीएफ के साथ अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भी की जायेगी। छांगुर बाबा और नीतू की गिरफ्तारी से पहले ही छांगुर बाबा के बेटे महबूब और नीतू के पति नवीन को जेल भेजा चुका है। एटीएस की विवेचना में उपरोक्त चारों के साथ लगभग 18 लोग सम्मिलित हैं, जिनकी तलाश जारी है। लखनऊ के शनिदेव मंदिर में तीन जुलाई को विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने धार्मिक विधि से इस्लाम स्वीकार कर चुके 15 लोगों को पुनः हिंदू बनाया था, इस दौरान विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने आरोप लगाया था कि बलरामपुर जिले में अतरौली क्षेत्र का निवासी छांगुर बाबा ने आर्थिक लालच देकर धर्मांतरण कराता है, इसके लिये उसे भारी मात्रा में विदेशी धन प्राप्त होता है। उन्होंने आरोप लगाया था कि इसके हिंदू महिलाओं की शादी दूसरे धर्म के लोगों से करवाई गई हैं। गोपाल राय ने आरोप लगाया था कि बलरामपुर और आस-पास के जिलों के 6000 से अधिक लोगों का धर्म-परिवर्तन कराया जा चुका है। उन्होंने पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने की मांग की थी, इस आरोप के बाद एसटीएफ और अन्य एजेंसियां हरकत में आईं तो, सनसनीखेज खुलासे होते चले। छांगुर बाबा बलरामपुर जिले के गांव रहरा माफी का मूल निवासी है। छांगुर बाबा किसी समय भीख मांग कर गुजारा करता था, इसके बाद महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित एक दरगाह के बाहर अंगूठी बेचने का धंधा करने लगा, इस दौरान ही वह अवैध धर्मांतरण के अंतर्राष्ट्रीय सिंडीकेट का हिस्सा बन गया और फिर खाड़ी देशों की कई संस्थाओं से जुड़ता चला गया, जहां से उसे अपार धन मिलने लगा, इसके बाद उसने अपना नेटवर्क स्थापित किया और बड़े स्तर पर हिंदुओं का धर्म-परिवर्तन कराने लगा, साथ ही स्वयं को उसने जिंदा पीर प्रचारित कर दिया, जिससे उसके प्रति आस्था और श्रद्धा भी बढ़ती चली गई, फिर वह और उसके गिरोह से जुड़े लोग बड़े स्तर पर लोगों को इस्लाम के प्रति प्रेरित करने लगे और प्रलोभन भी देने लगे, इसके लिये छांगुर बाबा जगह-जगह कार्यक्रम भी आयोजित कराने लगा। छांगुर बाबा गांव मधपुर में स्थित चांद औलिया दरगाह में सालाना उर्स भी कराता था, जिसमें विदेश से भी लोग आते थे। छांगुर बाबा का बलरामपुर में बस स्टेशन के पास विशाल कपड़ों का बड़ा शोरूम है, जिसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है, अब छांगुर बाबा अकूत संपत्ति का स्वामी है। छांगुर बाबा ने पुलिस-प्रशासन और न्यायालय में गहरी पैठ बना ली थी। स्थानीय स्तर पर लोगों के विरुद्ध फर्जी शिकायतें करवा देता था एवं न्यायालय में परिवाद दायर करवा देता था, जिसके बाद फैसला कराता था और फिर इस्लाम स्वीकार करने का दबाव बनाता था। सिस्टम में बैठे कई लोगों को वो मोटी रकम देता था और कुछेक लोग धर्म के नाम पर उसकी मदद करते थे, इसकी पुष्टि आगे एजेंसियों की जाँच में ही हो सकेगा। छांगुर बाबा की ताकत का अहसास, इससे लगाया जा सकता है कि उसका कोई विरोध कर देता था तो, उसके समर्थक उसके साथ मारपीट करते थे और फिर विरोध करने वाले पीड़ित पर ही तत्काल मुकदमा दर्ज करा दिया जाता था, उसके कई रिश्तेदारों पर आजमगढ़ के देवगांव थाने में दो वर्ष पूर्व मुकदमा दर्ज हुआ था, फिर भी सब कुछ सामान्य ही रहा। छांगुर बाबा का उद्देश्य घृणित और डरावना कहा जा सकता है। माना जा रहा है कि वह बलरामपुर और आस-पास के जिलों की धार्मिक बसावट बदलना चाहता था। एटीएस ने भी न्यायालय में जानकारी दी है कि उसका मंसूबा बलरामपुर में इस्लामी दावा केंद्र और मदरसा बनाने का था, वह हिंदू धर्म के प्रति नफरत फैलाकर भारत को इस्लामी मुल्क बनाना चाहता था। एटीएस के वकील ने अदालत को बताया कि छांगुर बाबा संगठित रूप से हिंदू, गैर-मुस्लिम समुदाय के गरीबों, असहाय मजदूरों, कमजोर वर्ग के लोगों, विधवा महिलाओं को आर्थिक मदद, शादी कराने, नौकरी का लालच देकर अवैध तरीके से धर्मांतरण कराता था, कई लोगों का धर्मांतरण डरा-धमकाकर भी कराया गया है, वह अवैध धर्मांतरण कर मुस्लिमों की संख्या बढ़ाकर देश की जनसांख्यिकी को प्रभावित कर रहा था। छांगुर बाबा ने अपने साथी नवीन घनश्याम और नीतू की नाबालिग बेटी का दुबई में धर्मांतरण कराया था लेकिन, चौंकाने वाली बात यह है कि तीनों के धर्म-परिवर्तन करने के बावजूद उनका पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खाते हिंदू नाम से ही हैं, इनके नाम पर बड़ी संख्या में जमीनें खरीद रहा था। सूत्रों के अनुसार गिरोह ने अलग-अलग संस्थाओं के नाम से 40 से भी अधिक बैंक अकाउंट खुलवाये हैं, जिनमें 100 करोड़ रुपये से भी अधिक की धन का आवागमन होने की आशंका जताई जा रही है, इसी रकम से न सिर्फ धर्मांतरण कराया जा रहा था बल्कि, छांगुर बाबा आलीशान कोठियां बनवा रहा था और और लग्जरी गाड़ियां खरीद रहा था। नीतू तमिलनाडू मूल की बताई जा रही है, जो हिंदू लड़कियों को फंसाने में अहम भूमिका निभाती थी। छांगुर बाबा मधपुर में आलीशान कोठी बनवाने के बाद बराबर में ही डिग्री कॉलेज खोलने की तैयारी कर रहा था, इस दिशा में निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था, इस कॉलेज के द्वारा वह और बड़े स्तर पर धर्मांतरण कराने की योजना बना रहा था। छांगुर बाबा पर बुलडोजर कार्रवाई हो गई है, उसकी आलीशान कोठी पर 9 बुलडोजर चढ़ गये। कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं, इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को अवैध बताया गया है। तीन बीघा जमीन पर बनी किले जैसी कोठी उतरौला-मनकापुर मुख्य मार्ग पर है। उतरौला तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति के अनुसार 17 मई, 17 जून और 7 जुलाई को अवैध निर्माण हटाने का नोटिस दिया गया था, जिसका कोई जवाब नहीं दिया गया, इसलिये प्रशासन ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का निर्णय लिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई देखने के लिये जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर इस तरह की कार्रवाई चलती रहेगी। सरकारी जमीन से कब्जा हटाने पर खर्च की वसूली भी संबंधित से ही की जायेगी, वहीं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार का कहना है कि छांगुर बाबा सहित अन्य पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। छांगुर बाबा की कोठी के अंदर एक छोटे-मोटे गांव से भी अधिक सुविधायें और साधन दिखाई दिये, इसमें 10 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, कोठी के चारों ओर बाउंड्री वाल पर तार लगा है, जिसमें रात को करेंट दौड़ा दिया जाता है, इसके अंदर मुख्य द्वारा से लेकर 500 मीटर लंबी की प्राइवेट सड़क बनी हुई है। कोठी के अंदर मिनी पॉवर हाउस दिखाई दिया, इसके अंदर अत्याधुनिक बैट्री और विशाल जनरेटर लगे हैं। शानदार घोड़ा और विदेशी कुत्ते देखे गये। छांगुर बाबा के जर्मन शेफर्ड कुत्तों के नौ बच्चों को कार्रवाई के दौरान ग्रामीण उठा ले गये।

### विचार

एक बुद्धिमान व्यक्ति मूर्खतापूर्ण सवालों से अधिक सीख सकता है जितना कि एक मूर्ख बुद्धिमान उत्तर से सीख सकता है।

● महात्मा गांधी


### चाणक्य



अगर आप दूसरों से सम्मान की अपेक्षा रखते हैं तो ऐसे में आपको दूसरों की भी इज्जत करना आना चाहिए. अगर आप एक ऐसे इंसान हैं जो हमेशा दूसरों की बेइज्जती करता है या फिर दूसरों से गलत तरीके से बात करता है तो उम्मीद रखिये कि सामने वाला भी कभी आपकी इज्जत नहीं करेगा. अगर आप इज्जत पाना चाहते हैं तो आपको भी दूसरों का सम्मान करना आना चाहिए.

● आचार्य चाणक्य

### सुकरात



"जीवन का अन्वेषण करना, सबसे बड़ा साहस है"

अर्थः अपने जीवन के उद्देश्य को समझना और उसे पाने के लिए प्रयास करना साहसिक कार्य है.

● सुकरात के अनुसार

# Business News

### बुलियन मार्केट

## चांदी में 1000 रुपए तेज सोना 200 रुपए बढ़ा

**इंदौर**। स्थानीय सराफा बाजार में सोना एवं चांदी की कीमतों में घटबढ़ बनी होने से सोने की कीमतों में 200 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी देखी गई वहीं चांदी की कीमत में 1000 रुपए प्रति किलो की और तेजी देखी गई। सोने के साथ चांदी ने भी निवेशकों को इस साल अब तक शानदार रिटर्न दिए हैं। शनिवार को सोने का 97900 रुपए का भाव रहा वही चांदी 110500 का भाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3355 ऊपर में 3346 नीचे में 3321 चांदी 3841 सेण्ट ऊपर में 3659 नीचे में 3673 नकद में केडबरी 97900 एक दिन पूर्व 97700 आरटीजीएस 100300 सोना 22 कैरेट 91700 जीएसटी सहित चांदी नगद 110500 एक दिन पूर्व 109500 आरटीजीएस में 113000 चांदी टंच 119000 रुपए सिक्का 1210 भारतीय रुपया 85.78 के भाव रहे।

**इंदौर सराफा-** सोना केडबरी रवा नकद 97900, आरटीजीएस 100300 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 91700 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 110500, आरटीजीएस 113000 और टंच 119000 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1210 रुपए प्रति नग।

**उज्जैन सराफा-** सोना केडबरी 98000 और रवा 97900 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 110600, टंच 110500 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1200 रुपए प्रति नग बिका।

## खाद्य तेलों में मांग सामान्य भावों में मामूली घटबढ़

**इंदौर**। खाद्य तेलों में मांग सामान्य है। भावों में मामूली घटबढ़ है। शिकागो सोया तेल वायदा के प्लस में होने एवं स्टॉकिस्टों की बिकवाली घटने से सोया रिफाइंड के भाव 12800 रूपये पर टिके रहे। इंदौर में सोया रिफाइंड के भाव 11800 रूपये प्रति क्विंटल बोले गए। आयातकों की बिकवाली से कांडला में इसके भाव 11600 रुपए बोलें गए। स्टाक व मांग को देखते हुए आने वाले दिनों में इसमें गिरावट की संभावना है। सोयाबीन में भी तेजी नजर नहीं आ रही है तो सरसों में भी ठहराव है।

**तिलहन** - सरसों निमाड़ी (बारीक) 6400-6600 रायडा 5800-6000 सोयाबीन 4200-4250, टोली 4400-4600 रु. प्रति क्विंटल।

कपास्या खली- (60 किलो भरती) इंदौर 2300, देवास 2300, उज्जैन 2300, खंडवा 2275, बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 रुपए।

# बरसात के जोर पकड़ते ही सब्जियों के दाम आसमान पर चढ़े

**इंदौर**। मंडी में सब्जी की आवक कम हुई तो बाजार में इनके दाम आसमान छू रहे हैं। लोगों को सब्जी खरीदने के लिए भी विचार करना पड़ रहा है। रसोई और सब्जी का स्वाद बढ़ाने वाली हरी मिर्च और हरा धनिया 100 रु. किलो तक बिक रहा है। इसी तरह अन्य सब्जियों की कीमत भी दोगुना हो गई है। पिछले 15 दिनों में सब्जी बाजार की सूरत ही बदल गई है। सब्जियों के दाम डेढ़ से दोगुना हो चुके हैं। वहीं, मंडी में भी हरी सब्जियों की आवक कम होने के कारण बाजार में सब्जियां कम ही दिखाई दे रही हैं। ऐसे में इनकी मांग अधिक होने के कारण सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं।बाजार में सब्जी खरीदने के लिए आई सीमा जैन का कहना है कि हरी सब्जियों के दाम इतने अधिक हो गए हैं कि अब समझ में नहीं आ रहा है कि कौन-सी सब्जी खरीदें। अभी केवल प्याज 20 और आलू का दाम 30 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसके अलावा कोई भी सब्जी 30 रुपये किलो से कम नहीं है। ऐसे में लोगों को हरी सब्जी खाने के लिए विचार करना पड़ रहा ह इस बार किसानों ने सब्जी की खेती अपेक्षाकृत कम की है। वहीं, जिन किसानों ने इस साल सब्जियांउगाई भी थीं, उनकी फसल मौसम की भेंट चढ़ गई। इससे सब्जी का उत्पादन प्रभावित हुआ।

### बारिस में सब्जियों की आवक हो रही प्रभावित



देवी अहिल्याबाई होलकर (चोइथराम) थोक सब्जी मंडी के कारोबारी शगीर चौधरी के अनुसार बरसात के जोर पकड़ने से सब्जियों की आवक प्रभावित हो रही है। थोक मंडी में अब सीमित मात्रा में ही सब्जियां पहुंच रही है। शहर में मांग बरकरार है। ऐसे में नीलामी में आने वाली सब्जियां अब ऊंचे दामों पर बिक रही है। कारोबारी सलीम चौधरी बताते है कि बीते दिनों से जारी भारी वर्षा के कारण मालवा-निमाड़ से आने वाली सब्जियों की आवक लगभग बंद हो गई है। स्थानीय स्तर पर छिटपुट आवक हो रही है। इंदौर की थोक मंडी में अभी सब्जियों की आपूर्ति नासिक और महाराष्ट्र बार्डर से लगे क्षेत्रों से हो रही है। ऐसे में दूर से आने के कारण भी सब्जियां महंगी है।

### दो महीने ऊंचे रहेंगे दाम

थोक मंडी के कारोबारियों के अनुसार, दो महीने तक सब्जियों के दाम ऊंचे ही बने रहेंगे। दरअसल, मानसूनी बरसात के बाद मालवा-निमाड में अब सब्जियों की नई फसल की बोवनी हुई है। इसकी आवक डेढ़ महीने बाद होगी। इस दौरान भी यदि खेतों में पानी भरा तो फिर आवक रुकेगी। लिहाजा अभी लोगों को महंगी सब्जियां ही खाना पड़ेगा। थोक मंडी में जो सब्जियों के दाम है उसके मुकाबले दोगुने दाम पर खेरची दुकान-ठेलों से सब्जियां उपभोक्ताओं को बेची जाती है।

# 1 जनवरी से 125 सीसी से कम दोपहिया वाहनों में एबीएस अनिवार्य : एमओआरटीएच

**नई दिल्ली**। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने दोपहिया वाहन कंपनियों की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) को सभी नए छोटे वाहनों में अनिवार्य न करने की अपील की थी। अब 1 जनवरी 2026 से 50 सीसी से अधिक या 50 किमी/घंटा से तेज रफ्तार वाले सभी नए दोपहिया वाहनों में एबीएस लगाना अनिवार्य होगा, चाहे वे पेट्रोल हों या इलेक्ट्रिक। इस फैसले से सबसे अधिक असर 125 सीसी से कम क्षमता वाले वाहनों पर पड़ेगा, जो कुल दोपहिया बाजार का 77 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। कंपनियों का कहना है कि एबीएस लगाने से प्रति वाहन 3,500 से 6,000 रुपए तक की अतिरिक्त लागत आएगी। इससे उनकी सालाना लागत करीब 7,300 करोड़ रुपये बढ़ सकती है और वाहन कीमतें भी बढ़ेंगी। कंपनियों ने यह भी तर्क दिया कि वर्तमान में बाजार में मांग पहले से ही धीमी है, ऐसे में कीमत बढ़ाना ग्राहकों की जेब पर भी असर पड़ेगा। इसके अलावा एबीएस निर्माण में इस्तेमाल होने वाले दुर्लभ मैग्नेट की आपूर्ति पर चीन का नियंत्रण है, जिसने 4 अप्रैल से इनकी सप्लाई रोक दी है। इससे वाहन निर्माण पर वैश्विक स्तर पर असर पड़ रहा है। बजाज, हीरो, टीवीएस, सुजुकी, होंडा, एथर जैसी प्रमुख कंपनियों और सियाम के प्रतिनिधियों ने हाल ही में मंत्रालय से इस नियम को टालने की अपील की थी, लेकिन मंत्रालय ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अपने फैसले पर अडिग रहने का संकेत दिया है। यह कदम सड़क सुरक्षा की दिशा में बड़ा सुधार माना जा रहा है, लेकिन इसके चलते कंपनियों और उपभोक्ताओं दोनों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है।



### कॉर्पोरेट समाचार

## चालू वित्त वर्ष में आईपीओ बाजार में उछाल

**नई दिल्ली**। चालू वित्त वर्ष 2025 में भारतीय आईपीओ बाजार में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। अब तक 70 कंपनियों ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास मसौदा प्रस्ताव (डीआरएचपी) जमा कराया है। जबकि जनवरी 2025 से अब तक यह संख्या 120 तक पहुंच चुकी है। ये सभी कंपनियां मिलकर 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने की योजना बना रही हैं। सेबी के नियमों के अनुसार कंपनियों को मसौदा जमा कराने के एक वर्ष के भीतर आईपीओ लाना होता है। इस वित्त वर्ष में अप्रैल में 24, मई में 17, जून में 18 और जुलाई में अब तक 14 कंपनियों ने अपने प्रस्ताव दाखिल किए हैं। कुछ प्रमुख आईपीओ में मीशो 4,250 करोड़, पाइन लैब्स 6,000 करोड़, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड 10,000 करोड़ और क्रेडिला 5,000 करोड़ जुटाने की योजना में हैं। अब तक 26 कंपनियां बाजार से 48,234 करोड़ रुपए जुटा चुकी हैं। गुजरात की क्रायोजनिक ओजीएस कंपनी के आईपीओ को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

## फेरेरो ने केलॉग को 3.1 अरब डॉलर में किया अधिग्रहण

**वाशिंगटन**। इतालवी कंपनी फेरेरो, जो न्यूटेला और किंडर जैसे लोकप्रिय ब्रांडों की मालिक है, ने अमेरिकी नाश्ते के अनाज निर्माता डब्ल्यूके केलॉग को लगभग 3.1 अरब डॉलर में खरीदने की घोषणा की है। यह अधिग्रहण उत्तरी अमेरिका में फेरेरो की बिक्री और उपस्थिति बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। केलॉग की स्थापना 1906 में हुई थी और यह कॉर्न फ्लेक्स, फ्रूट लूप्स, स्पेशल के, राइस क्रिस्पी जैसे प्रसिद्ध नाश्ते के अनाज बनाती है। इस सौदे के पूरा होने के बाद फेरेरो अमेरिका, कनाडा और कैरेबियाई क्षेत्र में केलॉग के उत्पादों का निर्माण, विपणन और वितरण करेगा। यह अधिग्रहण फेरेरो के अमेरिकी विस्तार के अभियान का हिस्सा है, जिसमें उसने पहले 2018 में नेस्ले के कैंडी ब्रांड और 2022 में वेल्स एंटरप्राइजेज के आइसक्रीम ब्रांड भी खरीदे थे। सौदा इस साल की दूसरी छमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

## टेस्ला 15 जुलाई को मुंबई में खोलेगी अपना पहला स्टोर

**नई दिल्ली**। टेस्ला 15 जुलाई को मुंबई में अपना पहला स्टोर खोलेगी। साथ ही कंपनी भारत के ऑटोमोटिव रिटेल सेक्टर में आधिकारिक प्रवेश कर लेगी। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि फाइनेंशियल कैपिटल मुंबई में कंपनी आउटलेट एक एक्सपीरियंस सेंटर के रूप में काम करेगा। ईलॉन मस्क के नेतृत्व वाली कंपनी ने भारतीय बाजार में प्रवेश के हिस्से के रूप में मार्च में मुंबई में जगह के लिए लीज हासिल कर ली थी। ईवी कंपनी ने रिक्रूटमेंट के प्रयासों को भी बढ़ा दिया है और पहले मुंबई और नई दिल्ली दोनों महानगरों में शोरूम के लिए जगह का पता लगाया था। टेस्ला का भारत में प्रवेश करने की कोशिश कई सालों से कर रही थी। इस दौरान ईलॉन मस्क के नेतृत्व वाली कंपनी मुख्य रूप से आयात शुल्क को कम करने के लिए लॉबिंग कर रही है। टेस्ला भारत में अपना ऑपरेशन शुरू कर रही है, लेकिन रिपोर्टों से पता चलता है कि ईवी मैन्यूफैक्चर फिलहाल देश के भीतर कंपोनेंट्स मैन्यूफैक्चरिंग के लिए उत्सुक नहीं है।

## उज्जैन के पुराने वैभव को पुनर्स्थापित करने के निरंतर प्रयास जारी : मुख्यमंत्री डॉ यादव

# उज्जैन में 360 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय का नामकरण सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के नाम से किया जाएगा। उज्जैन शहर का अत्यंत गौरवशाली इतिहास रहा है। उज्जैन आदिकालीन नगरी है और इसके पुराने वैभव को पुनर्स्थापित करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे है। यहां देश के प्रमुख उद्योगपतियों द्वारा उद्योगों की स्थापना की जाएगी। उज्जैन की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए मार्गों का निर्माण किया जाएगा।

**पुनर्स्थापित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को देवास रोड स्थित क्षिप्रा विहार वाणिज्यिक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में यूडीए ,उच्च शिक्षा विभाग और महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय के अंतर्गत 360 करोड रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हम सबका सौभाग्य है कि उज्जैन में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन संत जनों की उपस्थिती में संपन्न हुआ है। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों के चेहरे की प्रसन्नता और आंखों की चमक से स्पष्ट प्रतीत होता है कि उज्जैन शहर की चमक दिनो दिन बढती जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत भी विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर, उज्जैन, धार, देवास, शाजापुर को मिलाकर मेट्रो पोलिटन नगरी के रुप में विकसित किया जाएगा। शासन द्वारा युवाओं को रोजगार देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। आने वाले समय में 1 लाख से अधिक पदों पर नियुक्ति की जाएगी। विभिन्न वर्गों की संयुक्त रुप से एक ही परीक्षा के माध्यम से भर्ती की जाएगी और विभागों के रिक्त पदों की पूर्ति की जाएगी। मंगलनाथ, भूखिमाता, गढकालीका, हरिसिध्दी माता मंदिर को और भव्य रुप प्रदान किया जाएगा। इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो लाईन डाली जाएगी। फ्रीगंज के ब्रिज के समानांतर एक नए ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। उज्जैन खगोल कालगणना और विज्ञान की नगरी रही है इसें पुनः उसी स्वरुप में लाने के प्रयास किए जाऐंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम यहां विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।मुख्यमंत्री ने मंच पर संतों का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर,उज्जैन,धार,देवास,शाजापुर को मिलाकर मेट्रो पोलिटन नगरी के रुप में विकसित किया जाएगा। शासन द्वारा युवाओं को रोजगार देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। आने वाले समय में 1 लाख से अधिक पदों पर नियुक्ति की जाएगी। विभिन्न वर्गों की संयुक्त रुप से एक ही परीक्षा के माध्यम से भर्ती की जाएगी और विभागों के रिक्त पदों की पूर्ति की जाएगी। मंगलनाथ, भूखिमाता, गढकालीका, हरिसिध्दी माता मंदिर को और भव्य रुप प्रदान किया जाएगा। इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो लाईन डाली जाएगी।

### बहुउदेशीय वाणिज्यिक काम्पलेक्स प्रतिकल्पा का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नानाखेड़ा स्थित यू डी ए द्वारा निर्मित शहर के पहले 7 मंजिला बहुउदेशीय वाणिज्यिक काम्पलेक्स (प्रतिकल्पा) का फीता कांट कर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सांसद उज्जैन आलोट श्री अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा, श्री संजय अग्रवाल, श्री राजेश धाकड़, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव एवं अन्य गणमान्य नागरिक और अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### साबुन का ऑर्डर लिया.. व्यापारी से 15 लाख की ठगी

**जबलपुर।** साबुन की थोक खरीदारी के नाम पर जबलपुर के एक व्यापारी से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। व्यापारी ने इंदौर की एक कंपनी से 900 पेटी साबुन का ऑर्डर दिया था और इसके बदले 15 लाख रुपये एडवांस भी जमा कर दिए। लेकिन न तो माल आया और न ही पैसा वापस मिला। अब व्यापारी की शिकायत पर माढ़ोताल पुलिस ने इंदौर स्थित कंपनी के दोनों संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार, माढ़ोताल क्षेत्र में रहने वाले आदित्य महेश्वरी, 'बंग डिस्ट्रीब्यूटर' नाम से फर्म चलाते हैं। वे कटंगी बायपास पर कास्मेटिक और खाद्य सामग्री का थोक व्यापार करते हैं। 18 अक्टूबर 2024 को उन्होंने इंदौर की ट्रांसकेट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के डायरेक्टर अतुल पाल और राम साहू से संपर्क किया।

### रज्जाक गैंग के गुंडे को पुलिस ने रिसॉर्ट में दबोचे

जबलपुर। जबलपुर के कुख्यात अब्दुल रज्जाक पहलवान गैंग पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। ओमती थाना पुलिस ने पेंच टाइगर रिजर्व के पास ओलिव रिसॉर्ट में दबिश देकर गैंग के चार फरार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये सभी एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। गिरफ्तार आरोपितों में रज्जाक का पुत्र सरफराज, भाई महमूद, भतीजा अजहर, और गुर्गा मोहम्मद सज्जाद शामिल हैं। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की, तो एक बड़ा खुलासा हुआ - सरफराज अपने फरार भाई सरताज से मिलने दुबई गया था, जहां दोनों ने कुछ दिन साथ बिताए। सरताज के विदेशी ठिकानों को लेकर भी जानकारी सामने आई है।

### महिला प्रोफेसर का रक्त से सना हुआ शव घर से बरामद

**जबलपुर** । होमसाइंस कॉलेज की एक महिला प्रोफेसर का रक्तरंजित शव शुक्रवार को उनके घर से बरामद हुआ। प्रोफेसर के हाथ और गले पर चाकू से कटने के निशान मिले हैं। मौके की जांच में पुलिस को शव के पास एक चाकू मिला है, जिसे जब्त कर लिया गया है। यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का, इसकी पुष्टि के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं, गढ़ा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। गढ़ा थाना क्षेत्र के अंबर विहार निवासी प्रज्ञा अग्रवाल (55) होमसाइंस कॉलेज में प्रोफेसर थीं। वह अविवाहित थीं और माता-पिता की मृत्यु के बाद से अकेली रह रही थीं। उनके भाई भोपाल में पदस्थ हैं और वहीं रहते हैं। घर पर घरेलू कार्य के लिए एक महिला कर्मी आती थी, जिसके पास घर की चाबी थी। वह रोज की तरह शुक्रवार सुबह भी पहुंची। जब दरवाजा नहीं खुला, तो ताला तोड़कर अंदर गई। देखा कि प्रोफेसर जमीन पर पड़ी थीं और फर्श पर खून फैला हुआ था। यह देख वह चीख पड़ी और आसपास के लोगों को बुलाया।

# ग्रोथ कॉन्क्लेव में मिले 30 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### 15 हजार से अधिक रोजगार के नये अवसर होंगे सृजित, प्रदेश के सभी शहरों में आयोजित करेंगे ग्रोथ कॉन्क्लेव

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोगेसिव सेक्टर है और यह सेक्टर देश के नवनिर्माण में बड़ा सहयोग दे रहा है। रियल एस्टेट के विकास में ही देश का विकास अंतर्निहित है। हम इस सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के सभी बड़े शहरों में इसी तरह की ग्रोथ कॉन्क्लेव करके और सबको घर मुहैया कराकर नागरिकों के जीवन में खुशहाली लायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर देश की जीडीपी में अब 8.5 प्रतिशत तक योगदान दे रहा है, जो कभी मात्र 3 प्रतिशत हुआ करता था। उन्होंने गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी ही 10 स्मार्ट सिटीज़ मध्यप्रदेश में विकसित की जाएंगी। उन्होंने घोषणा की है कि प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सेक्टरों के लिए विशेष ग्रोथ कॉन्क्लेव आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा मिलेगी।

**निवेश**



प्रदेश के समग्र शहरी विकास और रियल एस्टेट सेक्टर को नई दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस आयोजन में उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 15 हजार से अधिक रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और शहरी एवं औद्योगिक विकास को नई ऊचाईयां प्राप्त होंगी। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विकास के लिये 12 हजार 360 करोड़ रुपये की सौगातें भी दी। उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिये 5 हजार 454 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 799 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान भी वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा, ग्रीन फील्ड हाईवे, टाउनशिप और स्मार्ट सिटी परियोजना को बढ़ावा दिया जायेगा।

कॉन्क्लेव में प्राप्त निवेश प्रस्ताव

कॉन्क्लेव में सर्वाधिक 12 हजार 473 करोड़ रुपये का निवेश औद्योगिक क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। इसी तरह होटल क्षेत्र में 3 हजार 344 करोड़ रूपये, रियल एस्टेट क्षेत्र में 1812.14 करोड़ रुपये, एजुकेशन क्षेत्र में 72.45 करोड़ रूपये, रिन्यूअल एनर्जी क्षेत्र में 500 करोड़ रूपये तथा आईटी क्षेत्र में 100 करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

000 000 000 000 000 000 000 000

# तीन हजार रुपये उधार नहीं दिए तो दोस्तों ने कर दी कबाड़ी की हत्या



**संवाददाता ● उज्जैन**

महाकाल थाना क्षेत्र स्थित कार्तिक मेले के समीप कालिदास उद्यान में 45 वर्षीय कबाड़ी की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने महज दो-तीन हजार रुपये के उधार के लिए वारदात को अंजाम दिया।

टीआई गगन बादल ने बताया कि गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि कालिदास उद्यान में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है और उसका शव बगीचे में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर शव मिला, जिसकी सिर पर पत्थर मारकर हत्या की गई थी। मौके पर भीड़ जुट गई थी, इसी दौरान मुकेश पुत्र चिमनलाल वहां पहुंचे और शव की शिनाख्त अपने भाई राजा पुत्र चिमनलाल (45), निवासी मदीना नगर, जूना सोमवारीया के रूप में की। मुकेश ने बताया कि राजा कबाड़ी का काम करता था, उसके एक बेटी स्वाति और दो बेटे नवीन और पीयूष हैं।

### 10 मिनट में आने का कहकर गए थे

मुकेश के अनुसार, तीनों भाइयों के परिवार तीन मंजिला एक ही मकान में रहते हैं। सुबह राजा के बेटे नवीन ने बताया कि उसके पिता बुधवार रात को 10 मिनट में आता हूं कहकर गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। इसके बाद मुकेश ने उनकी तलाश शुरू की और रास्ते में एक परिचित से पता चला कि राजा का शव कालिदास उद्यान में पड़ा है। मुकेश घटनास्थल पर पहुंचा, जहां पहले से पुलिस मौजूद थी। टीआई बादल ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि रात को बगीचे में मौजूद चौकीदार ने तीन लोगों को आपस में झगड़ते देखा था। उसने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन उनमें से दो ने उसे चाकू दिखाकर भगा दिया। सुबह चौकीदार लौटा तो उसने एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, फॉरेंसिक सबूतों और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच को आगे बढ़ाया। पता चला कि बुधवार शाम राजा अपने दोस्तों अमन और अज़ीमुद्दीन के साथ था। तीनों कालिदास उद्यान पहुंचे थे, जहां अमन ने राजा से दो-तीन हजार रुपये उधार मांगे।

# सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों को उम्रकैद

**संवाददाता ● ग्वालियर**

नाबालिग बालिका अपने छोटे भाई को टॉयलेट कराने के लिए घर से बाहर मैदान में आई थी। तभी बदमाशों ने उन्हें पकड़ लिया। तीनों आरोपियों में से एक ने कट्टा निकालकर पीड़िता के भाई के सीने पर रख दिया और बोला कि जैसा हम कह रहे हैं वैसा करो। आरोपियों ने नाबालिग के साथ उनकी मां और पिता के सामने सामूहिक दुष्कर्म किया था।

**दुष्कर्म**

ग्वालियर में डेढ़ साल पहले शिवपुरी से भंवरपुरा मजदूरी के लिए आए एक आदिवासी परिवार की नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी थी। तीन बदमाशों ने 30 जनवरी 2024 की रात मां पिता और मासूम भाई पर कट्टा अड़ाकर 15 वर्षीय नाबालिग के साथ उनके सामने ही सामूहिक दुष्कर्म किया था। घटना के बाद



पीड़ित परिवार ने गांव से पलायन तक कर दिया था। यह मामला काफी चर्चित हुआ था।इस मामले में ग्वालियर के विशेष न्यायालय ने आरोपी जंडेल गुर्जर, संजीव गुर्जर और आकाश गुर्जर को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक पर अलग-अलग धाराओं में जुर्माना भी किया गया है। विशेष न्यायालय ने आरोपियों को धारा 376 डी एवं एससी एसटी एक्ट के अपराध में दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। इसके अलावा आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 506 भाग दो के अपराध में भी दोषी पाते हुए प्रत्येक को एक एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों को अन्य धाराओं में 6-6 माह की और सजा सुनाई गई है।शिवपुरी से एक आदिवासी परिवार मजदूरी की तलाश में नवंबर 2023 में घाटीगांव के भंवरपुरा इलाके में आया था। यहां पत्थर की खदान पर आदिवासी युवक और उसकी पत्नी मजदूरी करते थे। घर पर एक 6 साल का बेटा और 15 साल की बेटी रहती थी। 30 जनवरी 2024 की रात 12 बजे की बात है। जब नाबालिग बालिका अपने छोटे भाई को टॉयलेट कराने के लिए घर से बाहर मैदान में आई थी तभी उनके घर के बाहर तीन युवक खड़े मिले। इनमें से दो युवकों ने नाबालिग को पकड़ लिया और एक युवक हाथ के सहारे पीड़िता के भाई को रोककर खड़ा हो गया।

# मंदिर में सो रहे पुजारी को काले कोबरा सांप ने डसा, मौत

**संवाददाता ● ग्वालियर**

जिले के कुरथरा गांव में तड़के सुबह शिव मंदिर परिसर में सो रहे पुजारी ब्रह्मानंद बौहरे को काले कोबरा ने डस लिया। पुजारी ने खुद ग्रामीणों को सूचना दी। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार सांप का जहर बेहद खतरनाक था, जिससे बचना मुश्किल था। घटना के बाद सांप मंदिर परिसर की हवन कुंडी में छिप गया। सर्प मित्र जग्गू परिहार ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि ब्लैक कोबरा प्रजाति के सांप के काटने से बचने की संभावना बहुत कम होती है। पुजारी की मौत से गांव में शोक है। ग्रामीणों ने बताया कि ब्रह्मानंद बौहरे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से बारिश के मौसम में सांपों के बढ़ते खतरे को देखते हुए जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है। सुबह मंदिर में सो रहे पुजारी को जहरीले कोबरा सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद पुजारी ने खुद ही ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद पुजारी को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इसके बाद मौके पर सर्पमित्र को बुलाया गया। मंदिर की हवन कुंडी में छिपकर बैठे सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छुड़वाया गया। पुजारी ब्रह्मानंद बौहरे हमेशा की तरह मंदिर परिसर में सो रहे थे। रात के वक्त अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। सूचना मिलते ही गांव के लोग मंदिर पहुंचे और पुजारी को तत्काल जिला अस्पताल भिंड ले गए, लेकिन यहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केसरबाग में 51 हजार फलदार और औषधीय पौधे लगाये

# एक बगिया माँ के नाम अभियान का भूमि-पूजन

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। भारत वसुधैव-कुटुम्बकम की संस्कृति पर चल रहा है, जहाँ पूरा विश्व एक परिवार की तरह है। जब सारा विश्व युद्ध में झुलस रहा है, तब भारत जियो और जीने दो का संदेश देकर अपनी उदार संस्कृति का परिचय दे रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर के केसरबाग क्षेत्र में एक बगिया माँ के नाम नगर वन निर्माण का भूमि पूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**पौधारोपण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह संयोग है कि आज श्रावण माह का पहला दिन है और इसी दिन केसरबाग में 'एक बगिया माँ के नाम' के तहत इंदौर को हरा-भरा और सुंदर बनाने का संकल्प लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के लोग प्रारंभ से ही प्रकृति के निकट रहे हैं और उन्होंने प्रकृति



में भी परमात्मा के दर्शन किये है। कार्बन उत्सर्जन को दूर करने में पौधों की बड़ी भूमिका है। पेड़ ऋषि-मुनि के समान होते है, जो प्रकृति से कम और लेते देते अधिक हैं। पौधों में प्राण होते है और भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चन्द्र बसु ने वैज्ञानिक रूप से सिद्ध करके दिखाया कि पौधों मे प्राण होते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केसरबाग में आम के पौधे का रोपण किया।

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि क्लॉथ मॉर्केट एसोसिएशन ने शासन को केसरबाग में जो चार एकड़ से अधिक जमीन पौधारोपण के लिए दी है, उस पर 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर इसे सुन्दर और प्रदेश की सबसे बड़ी बगिया बनाया जाएगा। बगिया में फलदार और औषधीय पौधे लगाये जायेंगे। बीते वर्ष हमने एक दिन में रेवती रेंज मे 12 लाख 40 हजार से अधिक पौधारोपण कर इतिहास रचा था। वर्तमान में सभी पौधे जीवित है और लहरा रहे है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इस मानसून में इंदौर जिले में 7 लाख पौधों का रोपण हो चुका है और आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं हजारों की संख्या में पौधारोपण करेंगी। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रकृति प्रेमी है और वे जल संरक्षण एवं जल संर्वधन की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। मुनि श्री आचार्य विभोव सागर महाराज ने कहा कि पर्यावरण जीवन का आधार और संस्कृति का संरक्षक है। जहॉ वृक्ष होते है, वहाँ बादल अधिक बरसते हैं हर व्यक्ति अपने आंगन में एक पेड़ अवश्य लगाये। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, महेद्र हार्डिया, मालिनी गौड़, उषा ठाकुर, श्री गोलू

# कौन हैं ग्राम चिकित्सालय की भोली-भाली 'डॉ. गार्गी'

**रियल लाइफ का हॉट अवतार कर देगा सरप्राइज**



ओटीटी प्लेटफॉर्म एक ऐसा माध्यम है, जहां से सेलेब्स को रातोंरात शोहरत मिल जाती हैं। इस कड़ी में नया नाम बी टाउन एक्ट्रेस अकांशा रंजन कपूर का नाम शामिल हो रहा है, जिन्होंने हालिया रिलीज वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय से फैंस का दिल जीत लिया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो की इस सीरीज में सीधी-साधी महिला डॉ. गार्गी की भूमिका निभाने वालीं अकांशा रियल लाइफ में हद से ज्यादा हॉट हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरों के जरिए आप इस बात अंदाजा आसानी से लगा सकते हैं। आइए एक नजर अभिनेत्री की हॉटनेस से भरी फोटोज पर डालते हैं।

**बेहद हॉट हैं ग्राम चिकित्सालय की डॉ गार्गी** - लेटेस्ट वेब सीरीज या फिल्में फैंस को नए किरदार के बारे में जानने की काफी रुचि रहती है। इस मामले में अब हम आपको जानने की एक्ट्रेस अकांशा रंजन के बारे में बताने जा रहे हैं। 18 सितंबर 1993 में अकांशा का जन्म हुआ। इनके पिता शशि रंजन एक फिल्ममेकर रहे हैं, जबकि बड़ी बहन अनुष्का रंजन सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस रही हैं। कियारा आडवाणी की ओटीटी फिल्म गिल्टी से अकांशा रंजन ने अपनी खास पहचान बनाई और अब वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय के जरिए वह फैंस की फेवरेट बन गई है। इस सीरीज में भोली-भाली डॉ गार्गी की भूमिका निभाने वालीं अकांशा रियल लाइफ में किसी अप्सरा से कम नहीं लगती हैं। फैंस भी उनके इस अदांज पर खुल प्यार लुटाते हैं।


अकांशा ने फिल्म गिल्टी से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया और इसके बाद समय-समय पर वह अपनी अदाकारी की जलवा बिखरेती हुईं नजर आई हैं। एक एक्ट्रेस होने के अलावा अकांशा रंजन बॉलीवुड की सुपरस्टार आलिया भट्ट की जिगरी दोस्त हैं। समय-समय पर आलिया इनके साथ सोशल मीडिया पर शानदार तस्वीरों को शेयर करते रहती हैं और अपनी दोस्ती की मिसाल कायम करती रहती है। इतना ही नहीं अकांशा भी आलिया के साथ बिताए खास लम्हों को फोटो और वीडियो के जरिए सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती हैं।

# गोविंदा को काम नहीं मिलने पर परेशान पत्नी सुनीता, पूछा- 'घर पर क्यों बैठे हो



गोविंदा बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर रहे हैं। एक वक्त था जब एक के बाद एक उनकी फिल्में आती थीं। उनकी फिल्मों की लोग खूब तारीफ करते थे। 1990 के दशक में गोविंदा काफी एक्टिव थे। लेकिन आज गोविंदा को काम नहीं मिल रहा है। इस पर उनके परिवार के लोग खास कर उनकी पत्नी सुनिता आहूजा परेशान हैं। उनके बच्चे टीना और यशवर्धन उन्हें स्क्रीन पर देखना चाहते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में सुनीता ने बताया कि गोविंदा का परिवार उन्हें दोबारा स्क्रीन पर देखना चाहता है। जूम से बातचीत में सुनीता ने कहा 'मैं हमेशा गोविंदा से कहती हूं कि आप एक लीजेंड स्टार हो, आप 90 के राजा थे। आज की जेनेरेशन भी आपके गानों पर डांस करती है। फिर आप घर पर क्यों बैठे हो? आपकी उम्र के बाकी एक्टर अनिल कपूर, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सब काम कर रहे हैं। आप क्यों नहीं करते?' सुनीता ने आगे कहा 'मैं और मेरे बच्चे उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब हैं। आप जिस कंपनी और दोस्तों के साथ घूम रहे हैं, वे आपके लिए अच्छा नहीं कह रहे हैं, बस हां में हां मिलाते हैं। उनका इरादा आपके लिए अच्छा नहीं है। मैं उसके इन तथाकथित दोस्तों से कहना चाहती हूं- गोविंदा आपकी आर्थिक मदद भी करते हैं, आप उन्हें सही रास्ता क्यों नहीं दिखाते? मैं उनसे कहती हूं अच्छे लोगों के साथ उठो बैठो। हमें दुख होता है कि इतना बड़ा कलाकार घर पर बैठा है।' सुनीता ने कहा 'मैं कुछ साल पहले गोविंदा का काम मैनेज करती थी। मैंने उन्हें ओटीटी मीडियम में काम करने का सुझाव दिया। अच्छा सब्जेक्ट था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। मैंने उनसे कहा कि 4-5 साल बाद लोग सिर्फ ओटीटी देखेंगे। लेकिन उन्होंने कहा कि वह सिर्फ बड़े पर्दे की फिल्में करना चाहते हैं।

# अर्जुन कपूर ने 26 वर्षीय अर्जुन के लिए लिखा भावुक खत



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पर अपने 26 साल के अर्जुन को एक दिल से लिखा गया खत साझा किया है। अर्जुन कपूर ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत फिल्म इश्कज़ादे से की थी। प्यार और एक्शन से भरपूर इस फिल्म को हाल ही में रिलीज़ हुए 13 साल पूरे हो गए। इस खास मौके को सेलिब्रेट करते हुए अर्जुन ने सोशल मीडिया पर अपने 26 साल के अर्जुन को एक दिल से लिखा गया खत साझा किया और 'अर्जुन 2.0' की झलक भी दी। अर्जुन कपूर ने अपनी जवानी की कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा,प्रिय 26 वर्षीय अर्जुन,तुमने कर दिखाया। तुम उस सपने की दहलीज़ पर खड़े हो जो कभी नामुमकिन लगता था। मुझे पता है कितनी रातें तुमने जाग कर फिल्में देखीं, यह विश्वास करते हुए कि सिनेमा ही तुम्हारा सहारा, तुम्हारा मकसद बनेगा।तुमने खुद को सिर्फ शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक रूप से भी बदला। वो घंटे, वो अनुशासन, वो झटके... सब कुछ इसके लिए जरूरी था।हमेशा विनम्र रहो।

# 4 लाख का तोता लेकर उर्वशी पहुंचीं कान फिल्म फेस्टिवल



**पहले दिन ही इंप्रेस करने में हुई फेल!**

दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म फेस्टिवल यानि कान फिल्म फेस्टिवल शुरू हो गया है और इसमें भारतीय सेलेब्स का पहुंचना भी शुरू हो गया है। पिछले कुछ समय से नियमित रूप से शामिल होने वाली एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला मंगलवार को फिल्म पार्टिर अन जौर (लीव वन डे) के उद्घाटन समारोह और स्क्रीनिंग के लिए रेड कार्पेट पर उतरीं। रेड कार्पेट से उर्वशी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। एक्ट्रेस ने रेड कार्पेट पर वॉक करने के लिए नीले, लाल और पीले रंग के स्ट्रैपलेस स्ट्रक्चर्ड आउटफिट को चुना। उन्होंने अपने लुक को मैचिंग टियारा क ` साथ पूरा किया। लेकिन सभी की निगाहें उनके कैरी किए गए पैरट क्रिस्टल-एम्बेडेड क्लच पर टिकी थीं। एक तस्वीर में तो वह पक्षी के आकार का बैग पकड़े हुए और उसे चूमते हुए पोज देती हुई भी दिखाई दे रही हैं। इंस्टाग्राम पेज, डाइट सब्या, का दावा है कि क्लच जूडिथ लीबर ने बनाया है, बैग की कीमत $5,495 यानि लगभग 4,68,064.10 है। 2024 में उर्वशी ने जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी में काम किया। इस साल 2025 में डाकू महाराज के उनके गाने दाबिडी दिबिडी को लेकर वो खूब खबरों में आईं। उनके इस गाने को लेकर खूब ट्रोल किया गया था।

# हरियाणवी सिंगर का इंस्टाग्राम अकाउंट बैन



हरियाणा गायक मासूम शर्मा ने के गानों के बाद अब उनका इंस्टाग्राम अकाउंट बैन कर दिया गया है। मासूम शर्मा फैन पेज के नाम से बनाए इस इंस्टा अकाउंट पर साढ़े 7 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे। इंस्टाग्राम अकाउंट बंद होते ही मासूम शर्मा का गुस्सा फूट पड़ा। मासूम शर्मा ने कहा कि यह घटिया हरकत है। सरकार में उच्च पद पर बैठा बंदा ओछी हरकतें करने से बाज नहीं आ रहा है। मासूम शर्मा ने यह भी कहा कि उनके यूपी के मेरठ और मध्यप्रदेश के ग्वालियर में भी कॉन्सर्ट बैन करा दिए गए हैं। कुछ समय पहले सरकार ने हिंसा और गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गाने कहकर मासूम शर्मा के 10 गानों को बैन कर दिया था। मासूम शर्मा ने इंस्टाग्राम अकाउंट बंद होने पर स्क्रीनशॉट शेयर किया। मासूम शर्मा ने लिखा "राम राम दोस्तों, पहले मेरे गाने बैन, फिर मेरठ और ग्वालियर के कॉन्सर्ट बैन और अब मेरे इंस्टाग्राम पेज को सरकार ने बैन कर दिया है। हो सकता है जिस अकाउंट से मैं पोस्ट कर रहा हूं ये भी सुबह तक ना मिले। मेरे साथ गलत हो रहा है। आप मेरी ताकत हो, आप मेरे साथ यूं ही खड़े रहना।

# रेड 2 के 100 करोड़ क्लब में एंट्री मारने के बाद ये क्या बोल गईं वाणी कपूर?



ब्लॉकबस्टर फिल्म 'रेड' का बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'रेड 2' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यह बड़ी उपलब्धि फिल्म की दमदार कहानी और इसके देशभर में दर्शकों पर पड़े प्रभाव को दर्शाती है। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन, वाणी कपूर और रितेश देशमुख जैसे शानदार कलाकार नजर आ रहे हैं। अजय देवगन के साथ मुख्य भूमिका निभा रहीं वाणी कपूर ने दर्शकों से मिले जबरदस्त प्यार और फिल्म की सफलता पर खुशी और कृतज्ञता जताई। वाणी कपूर ने कहा, 'मैं दिल से आभारी हूं कि 'रेड 2' ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है और इसे एक ब्लॉकबस्टर के रूप में सराहा जा रहा है। इस तरह की लोकप्रिय फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है। मेरे अभिनय को जो सराहना मिल रही है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा अलग-अलग शैलियों में काम करने और हर प्रोजेक्ट से सीखने की कोशिश करती हूं। दर्शकों से मिला यह प्यार और प्रतिक्रिया बेहद उत्साहवर्धक और संतोषजनक है। 'रेड 2' की पूरी टीम को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। हमें देशभर से जो प्यार और समर्थन मिल रहा है, वह वाकई बहुत खास है।' इस बड़ी उपलब्धि के साथ, 'रेड 2' अपनी सफलता की रफ्तार बनाए हुए है और वर्ष की प्रमुख हिट फिल्मों में अपनी जगह मजबूत कर चुका है।



# आलिया की अमीर BFF आकांक्षा रंजन कपूर नहीं करतीं पैसों की बर्बादी

**दोस्तों से कपड़े मांगकर करती हैं पार्टी**

गिल्टी और मोनिका ओ माय डार्लिंग फिल्मों की अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर समृद्ध परिवार से हैं। उसके बावजूद वह दीपावली पार्टी पर ज्यादा खर्च करने के बजाय दोस्तों संग कपड़े शेयर करने को एक अच्छा तरीका मानती हैं। पिछले दिनों फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में शामिल हुई आकांक्षा कहती हैं कि मैं फैशन कॉन्शस नहीं हूं। हालांकि इस इंडस्ट्री में लुक को लेकर सजग रहना पड़ता है। मेरे लिए सबसे अच्छी दीपावली पार्टी वो है, जिसमें आरामदायक कपड़े पहनकर शामिल हो सकूं। आकांक्षा ने कहा, 'मुझे कपड़े रिपीट करने में भी दिक्कत नहीं होती। शेयरिंग फिजूलखर्जी से बचने का अच्छा तरीका है। मैं दोस्तों संग आउटफिट शेयर करती हूं। इससे आपके बीच रिश्ता भी मजबूत होता है। इस बार एक दिवाली पार्टी में अपनी बेस्ट फ्रेंड की पुरानी साड़ी पहनूंगी।' इस बार दिवाली पर आकांक्षा रंजन कपूर वेब सीरीज की शूटिंग कर रही होंगी। वह कहती हैं कि भले ही दीपावली पर मैं घर पर नहीं रहूंगी, लेकिन हमारा बचपन से सेट रूटीन है, सुबह मम्मी-पापा जल्दी उठा देते हैं, ऑफिस जाकर पूजा करनी होती है। फिर घर आकर रंगोली बनाना, दीये जलाना, खाना-पीना करना उसके बाद पार्टी के लिए निकल जाते हैं। आकांक्षा ने कहा, 'त्योहार की ज्यादातर जिम्मेदारी मेरी दीदी अनुष्का रंजन (अभिनेत्री) पर होती है। मैं बस उनकी बनाई रंगोली के साथ तस्वीरें खींचती हूं और शुगर फ्री लड्डू के मजे लेती हूं। भले ही त्योहार पर हर बार नए कपड़ों की खरीदारी नहीं करती हूं, लेकिन धन का सही जगह निवेश करने को लेकर शुरू से सजग रही हूं। हमारी परवरिश ही इस तरह हुई है कि बर्बाद नहीं करती। मेरे लिए स्वस्थ शरीर और दिमाग की बहुत अहमियत है। पैसे तो कमा ही लेंगे।'

# शाहरुख खान ने देखी थी कार्तिक की भूल भुलैया 2



कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के टॉप एक्टर्स की लिस्ट में शुमार हो गए हैं। उनकी फिल्में करोड़ों में कमाती हैं। भूल भुलैया 2 बहुत बड़ी हिट हुई थी। फिल्म को बहुत तारीफ मिली थी। कई एक्टर्स ने इसकी तारीफ की थी। कंगना रनौत ने लोगों को थिएटर तक लाने के लिए कार्तिक की तारीफ की थी। ये 2022 की हाइएस्ट ग्रॉसिंग फिल्मों में से एक थी।

अब कार्तिक ने बताया कि शाहरुख खान ने भी उनकी तारीफ की थी। फिल्मफेयर से बातचीत में कार्तिक ने कहा, 'शाहरुख खान बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं जब भी उनसे मिलता हूं वो हमेशा मेरी फिल्मों के बारे में बात करते हैं कि उन्होंने देखी। भूल भुलैया 2 की रिलीज के बाद जब हम मिले एक इवेंट में तो उन्होंने पर्सनली मुझे बुलाया और फिल्म की तारीफ की। उन्होंने बताया कि फिल्म देखते हुए उन्होंने कितना एंजॉय किया। जिस तरह से शाहरुख ने मेरे काम की तारीफ की वो उनके दयालु नेचर को दिखाता है।' जब कार्तिक से पूछा गया कि क्या उन्होंने अपने किसी कलीग की तारीफ की तो इस पर कार्तिक ने कहा कि वो मैसेज करने के मामले में थोड़े से शर्मिले हैं। कार्तिक ने कहा, 'मैं करता हूं लेकिन मैं थोड़ा सा शर्मिला हूं जब किसी को मैसेज करने की बात आती है तो। खासतौर पर जब मेरा उनसे पर्सनल कनेक्शन नहीं है। लेकिन जब मैं मिलता हूं तो मैं हमेशा करता हूं।' कार्तिक के वर्क फ्रंट की बात करें तो कार्तिक ने चंदू चैम्पियन, शहजादा, धमाका, लव आज कल, पति पत्नी और वो, लुका छुपी, सोनू के टीटू की स्वीटी, प्यार का पंचनामा 2 जैसी फिल्मे की हैं। अब वो नागजिला, तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी और अनुराग बसु की अनटाइटल्ड फिल्म में दिखेंगे।



# लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड 2 रन से आगे

# डकेट-क्रॉली नाबाद लौटे, पहली पारी में दोनों टीमें 387-387 रन पर आउट

**एजेंसी ● लॉर्ड्स**

**भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा तीसरा टेस्ट बराबरी पर चल रहा है। शनिवार को तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड का स्कोर 2/0 है। जैक क्रॉली और बेन डकेट नाबाद हैं। पहली पारी में किसी को भी बढ़त हासिल नहीं हुई है। भारतीय टीम 387 रन पर ऑलआउट हुई। इंग्लैंड ने भी पहली पारी में 387 रन बनाए थे।**

टीम इंडिया ने सुबह 145/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। 53 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाने वाले केएल राहुल ने 100 रन बनाए। उन्होंने विकेटकीपर ऋषभ पंत (74 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 198 बॉल पर 141 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी के बाद रवींद्र जडेजा (72 रन) ने नीतीश रेड्डी के साथ 165 बॉल पर 72 और वॉशिंगटन सुंदर के साथ 113 बॉल पर 50 रन की साझेदारी करके भारतीय टीम का स्कोर 376 रन पहुंचा दिया। उनके आउट होने के बाद टीम को ऑलआउट होने में टाइम नहीं लगा। इंग्लैंड की ओर से क्रिस वोक्स ने 3 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने 2-2 विकेट लिए। ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक विकेट मिला। पंत रनआउट हुए।

### इंग्लैंड के नाम रहा आखिरी सेशन

तीसरे दिन का आखिरी सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। इसमें 29.2 ओवर के इस सेशन में भारतीय टीम ने 71 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने एक ओवर में बिना नुकसान के 2 रन बना लिए थे।



भारतीय टीम पहली पारी में 387 रन पर ऑलआउट हो गई। 120वें ओवर की दूसरी बॉल पर जोफ्रा आर्चर ने वॉशिंगटन सुंदर (23 रन) को हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। 119वें ओवर की चौथी बॉल पर क्रिस वोक्स ने बुमराह को जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया।

### जडेजा-सुंदर की फिफ्टी पार्टनरशिप

112वें ओवर में रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने 7वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। भारतीय टीम ने 326 रन के स्कोर पर छठा विकेट गंवाया था।

### रेड्डी के सिर पर लगी 141 किमी. की बाउंसर

90वें ओवर में बेन स्टोक्स की बाउंसर नीतीश कुमार रेड्डी के सिर पर लगी। 141 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड की बॉल गुड लेंथ से अंदर आई और रेड्डी के कान के पास लगी, हालांकि फिजियो के निरीक्षण के बाद रेड्डी ने खेलना जारी रखा।

### केएल राहुल का लॉर्ड्स में दूसरा शतक

भारतीय ओपनर केएल राहुल ने लॉर्ड्स में दूसरा शतक लगा दिया है। उन्होंने 67वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की बॉल पर एक रन लिया और शतक पूरा किया। उन्होंने लॉर्ड्स स्टेडियम में दूसरा शतक लगाया। यह राहुल का टेस्ट में 10वां शतक है।

### पंत की सिक्स से फिफ्टी

59वें ओवर की आखिरी बॉल पर ऋषभ पंत ने सिक्स लगाकर फिफ्टी पूरी की। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स की शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल पर पंत ने हुक शॉट खेला और बॉल को डीप फाइन लेग बाउंड्री के पार पहुंचा दिया। पंत की यह 17वीं टेस्ट फिफ्टी है।

# इगा स्वातेक बनीं विंबलडन विमेंस चैंपियन

## अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया, मेंस डबल्स में ब्रिटिश पेयर चैंपियन, अल्काराज-सिनर में फाइनल कल

**एजेंसी ● पोलैंड**

**पोलैंड की इगा स्वातेक ने विंबलडन विमेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। उन्होंने शनिवार को फाइनल में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हरा दिया। दूसरी ओर मेंस डबल्स में ब्रिटेन की वर्ल्ड नंबर-5 जोड़ी ने भी सीधे सेटों में खिताब जीत लिया।**



एक पॉइंट भी नहीं ले सकीं अनिसिमोवा वर्ल्ड नंबर-8 स्वातेक ने विंबलडन फाइनल में एकतरफा दबदबा दिखाया। स्वातेक के खिलाफ अमांडा 1 पॉइंट भी नहीं ले सकीं। स्वातेक ने 6-0, 6-0 के अंतर से फाइनल जीता। अनिमिसोवा ने सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका को हराया था। इसके बावजूद वे फाइनल में वर्ल्ड नंबर-8 प्लेयर को कोई टक्कर नहीं दे सकीं। स्वातेक ने सेमीफाइनल में स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक, क्वार्टर फाइनल में रूस की लुडमिला सैमसनोवा और राउंड ऑफ 16 में डेनमार्क की क्लारा टौसन को हराया। उन्होंने शुरुआती 3 राउंड के मुकाबले में भी आसानी से जीते थे। मेंस डबल्स में ब्रिटिश पेयर चैंपियन बनी मेंस डबल्स में ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की वर्ल्ड नंबर-5 जोड़ी चैंपियन बन गई। दोनों ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की गैरवरीय जोड़ी को हराया। ब्रिटिश पेयर को 6-2, 7-6 (7-3) के अंतर से जीत मिली। अल्काराज और सिनर के बीच मेंस फाइनल मेंस सिंगल्स का फाइनल वर्ल्ड नंबर-2 स्पेन के कार्लोस अल्काराज और वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर के बीच होगा। दोनों के बीच पिछले ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन का फाइनल भी हुआ था। तब अल्काराज ने बाजी मारी थी। अल्काराज विंबलडन के डिफेंडिंग चैंपियन है। उन्होंने 2023 और 2024 में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हराकर खिताब जीता था। सेमीफाइनल में अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर-5 अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराया। वहीं सिनर ने जोकोविच को ही सीधे सेटों में हराकर फाइनल में एंट्री की। सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन (2 बार) और US ओपन के रूप में 3 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं। वे इसी साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में पहली बार पहुंचे। फ्रेंच ओपन तो उन्होंने गंवा दिया, लेकिन विंबलडन में अल्काराज से हिसाब बराबर करने का मौका है। विमेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-4 और नंबर-8 का सामना विमेंस डबल्स के फाइनल में वर्ल्ड नंबर-4 जोड़ी के सामने वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी होगी। यह फाइनल भी 13 जुलाई को मेंस सिंगल्स फाइनल के दौरान ही होगा। फाइनल में लात्विया की जेलेना ओस्तापेंको और ताईवान की सिएह सु-वेई की नंबर-4 जोड़ी के सामने रूस की वेरोनिका कुडेरमेटोवा और बेल्जियम की एलिस मर्टेंस की नंबर-8 जोड़ी होगी।

# IND U19 vs ENG U19 : आयुष का शतक; विहान,अभिज्ञान,राहुल के अर्धशतक, इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ बनाए 450 रन

**एजेंसी ● खेल डेस्क**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले यूथ टेस्ट मैच की पहली पारी में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। टीम के कप्तान आयुष महात्रे ने दमदार शतकीय पारी खेली जबकि टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू और राहुल कुमार ने भी शानदार पारी खेली। हालांकि ये दोनों ही शतक के करीब आकर इससे चूक गए।

इंग्लैंड के खिलाफ इंडिया ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 7 विकेट पर 450 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अंबरिश 31 रन जबकि हेनिल पटेल 6 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पहले दिन इंग्लैंड के लिए एलेक्स ग्रीन, जैक होम और आर्ची वॉन ने 2-2 विकेट लिए जबकि राल्फी अल्बर्ट को एक सफलता मिली। भारत ने इस मैच में टॉस जीता था और पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। भारत के ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी सिर्फ 14 रन पर आउट हो गए, लेकिन टीम के कप्तान आयुष महात्रे ने कमाल की पारी खेलते हुए 102 रन की शतकीय पारी खेली। आयुष के आउट होने के बाद विहान ने भी अच्छी पारी खेली और वो 67 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद मौल्यराजसिंह चावड़ा का विकेट जल्दी ही गिर गया और वो 8 गेंदों पर 11 रन बनाकर चलते बने।



इसके बाद टीम के उप-कप्तान व विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू ने टीम के लिए अहम पारी खेली, लेकिन वो 90 पर यानी शतक के करीब आकर आउट हुए। अभिज्ञान ने ये पारी 95 गेंदों पर एक छक्का और 10 चौकों के साथ खेली तो वहीं राहुल कुमार ने भी तेज गति से रन बनाए और उन्होंने एक छक्का और 14 चौकों के साथ 81 गेंदों पर 85 रन ठोक डाले। राहुल भी शतक के करीब आकर आउट हो गए। हालांकि इन सभी बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर इंडिया पहले दिन काफी मजबूत स्थिति में आ गया।

## टी20 क्रिकेट में टूटा विश्व कप मैच का वर्ल्ड रिकॉर्ड, एक ही मुकाबले में बिना शतक लगे बने इतने रन

बुल्गारिया ट्राई नेशन टी20 सीरीज में जिब्राल्टर और बुल्गारिया के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें बुल्गारिया की टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली। मैच में जिब्राल्टर ने पहले बैटिंग करते हुए 243 रन बनाए। इसके बाद बुल्गारिया की टीम ने 14.2 ओवर्स में ही 244 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत दोनों टीमों की तरफ से कुल 487 रन बने।

### बिना शतक लगाए ही हुआ कमाल

जिब्राल्टर और बुल्गारिया के बीच टी20 मैच में दोनों टीमों की तरफ से कुल 487 रन बने और कोई शतक नहीं लगा। इसी के साथ किसी भी टी20 मैच में बिना शतक लगाए सबसे ज्यादा रन बनाने का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया है। इससे पहले साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2016 में मैच खेला गया था, जिसमें बिना शतक लगाए कुल 459 रन बने थे। अब विश्व कप मैच का ये रिकॉर्ड टूट चुका है। बुल्गारिया की टीम के लिए ईसा जारु, मनन बशीर और मिलन गोगेव ने दमदार बल्लेबाजी की। इन तीनों ही खिलाड़ियों ने तेजी के साथ रन बनाए और मैच में अर्धशतक लगाए। जारु ने 24 गेंदों में 69 रन, मिलन ने 27 गेंदों में 69 रन और बशीर ने 21 गेंदों में 70 रन बनाए। इन प्लेयर्स ने बिल्कुल मैच को एकतरफा बना दिया और जिब्राल्टर के गेंदबाज इनके सामने कुछ खास नहीं कर पाए।

### जैकब गुल ने हासिल किए चार विकेट

जिब्राल्टर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 243 रन बनाए थे। फिलिप राइक्स और इयान लैटिन ने अर्धशतक लगाए। इन दोनों के अलावा लुई ब्रूस ने 24 रन बनाए। माइकल राइकस और कबीर मीरपुरी ने 21-21 रनों का योगदान दिया। इन प्लेयर्स की वजह से ही टीम बड़े स्कोर तक पहुंच पाई थी। बुल्गारिया के लिए जैकब गुल ने सबसे ज्यादा चार विकेट अपने नाम किए।

# पदकों की हैट्रिक की ओर बढ़ रही ज्योति सुरेखा, भारत ने तीरंदाजी विश्व कप जीता कांसा और चांदी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारत ने महिला कंपाउंड टीम के रजत और मिश्रित टीम के कांस्य पदक से शनिवार को मैड्रिड में तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो पोडियम स्थान हासिल किए जिसमें ज्योति सुरेखा वेन्नम पदकों की हैट्रिक की ओर बढ़ रही हैं। हालांकि, पदक जीतने के बावजूद इस प्रदर्शन ने मुश्किल परिस्थितियों के दबाव में भारतीय तीरंदाजों की असक्षमता को उजागर कर दिया।

क्वालिफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। लेकिन यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गईं।




### चीनी ताइपे की तिकड़ी को स्वर्ण

इस हार ने फिर टीम की मानसिक कमजोरियों को उजागर कर दिया और 2022 एशियाई खेलों के बाद कंपाउंड कोच सर्जियो पाग्नी के जाने के बाद से पैदा हुए खालीपन को भी उजागर कर दिया। चीनी ताइपे की हुआंग आई-जौ, चेन यी-ह्सुआन और चिउ यू-एर्ह की तिकड़ी ने संयम बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बाद में मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और ऋषभ यादव की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 10वीं वरीयता प्राप्त एल साल्वाडोर की पाओला कोराडो और डगलस व्लादिमीर नोलास्को की जोड़ी को 156-153 से हराकर कांस्य पदक जीता।

### ज्योति सुरेखा के साथ परनीत कौर भी प्रतिस्पर्धा में

भारतीय मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने पहले दिन कुल 1431 अंकों के साथ क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। भारतीय मिक्स्ड डबल्स जोड़ी शुक्रवार को सेमीफाइनल में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी थी और 12वीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड्स से 152-155 से हार गई थी। ज्योति सुरेखा व्यक्तिगत स्पर्धा में परनीत कौर के साथ भी प्रतिस्पर्धा में हैं और दोनों तीरंदाजों को दिन में अपने-अपने सेमीफाइनल में हिस्सा लेना है।

## 38 साल के कीरोन पोलार्ड ने 'आसमान' में पहुंचा दी गेंद, सबको चौंकाते हुए फाइनल में पहुंची मुंबई इंडियंस की टीम

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के उद्घाटन संस्करण की विजेता एमआई न्यूयॉर्क ने 2025 सीजन के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। लीग चरण में 10 में से 7 मैच हारने के बाद एमआई न्यूयॉर्क ने लय हासिल की।

एमएलसी 2025 चैलेंजर मुकाबले में, कीरोन पोलार्ड के धमाकेदार प्रदर्शन और निकोलस पूरन की तूफानी पारी की बदौलत एमआई न्यूयॉर्क ने फाफ डुप्लेसिस की टेक्सास सुपर किंग्स को 7 विकेट और एक ओवर शेष रहते हराया। अब रविवार 14 जुलाई 2025 (भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे से) को होने वाले फाइनल में उसका मुकाबला गत विजेता वाशिंगटन फ्रीडम से होगा। कीरोन पोलार्ड प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 4 चौके और 3 छक्के की मदद से 22 गेंद में 47 रन की नाबाद पारी खेली। कीरोन पोलार्ड ने मैदान पर उतरते ही नूर अहमद की गेंद पर इतना जोरदार



छक्का मारा, ऐसा लगा कि गेंद आसमान में पहुंच गई। यह छक्का 100 मीटर (328 फीट) लंबा था। नीचे वीडियो में देख सकते हैं कि कीरोन पोलार्ड ने कितना ऊंचा छक्का लगाया। गेंद 1-2 सेकंड तक दिखाई भी नहीं दी। एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान निकोलस पूरन ने धमाकेदार अर्धशतक लगाया। उन्होंने 4 चौके और 3 छक्के की मदद से 36 गेंद में 52 रन की नाबाद पारी खेली। निकोलस पूरन और कीरोन पोलार्ड के अलावा एमआई न्यूयॉर्क की ओर से मोनांक पटेल भी धमाकेदार पारी खेली। हालांकि, वह एक रन से अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने नूर अहमद का शिकार बनने से पहले 5 चौके और 2 छक्के की मदद से 39 गेंद में 49 रन की पारी खेली।

!! श्रीकृष्ण शरणंगम!!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार, 13 जुलाई, 2025
www.adityabharat.com



# कांवड़ यात्रा



**सावन माह की शुरुवात के साथ ही हरिद्वार में कावड़िए गंगा जल भरने के लिए दूर-दूर से पहुंचने लगे हैं...**

## शॉर्ट न्यूज

### पटना में मिनी मार्ट के मालिक की हत्या

**पटना।** राजधानी पटना में एक बार फिर अपराधियों ने खूनी वारदात को अंजाम दिया है। यह मामला पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के पूर्वी अशुचक का है, जहां शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने एक दुकानदार को गोली मारकर हत्या कर दी है। मृतक की पहचान तृष्णा मिनी मार्ट के मालिक विक्रम कुमार झा के रूप में की गई। विक्रम झा दरभंगा के लहेरियासराय के रहने वाले थे। वे पटना के रामकृष्ण नगर थाना इलाके में किराए के मकान में अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रहकर किराना दुकान चलाते हुए अपना जीवन यापन कर रहे थे। स्थानीय लोग घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए पटना हरूष्ट॥ लेकर गए, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही थी। इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### डायन के आरोप में फिर हमला, महिला पर बरसाए ईंट-पत्थर

**पटना।** पूर्णिया में अंधविश्वास का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में मुफस्सिल थाना अंतर्गत टेटगामा में डायन का आरोप लगाकर पांच व्यक्तियों की जलाकर हत्या करने के मामले के बाद अब मीरगंज थाना अंतर्गत रंगपूरा दक्षिण पंचायत के कजरा में डायन होने के आरोप में महिला मीरा देवी पर लगभग 6-7 की संख्या में लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। मीरगंज थाना में इस बाबत मामला दर्ज किया है। यह घटना मीरगंज थाना अंतर्गत रंगपूरा दक्षिण पंचायत के कजरा गांव की है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि महिला पर डायन होने का आरोप लगाकर दबंगों ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। पीडित महिला ने बताया कि 10 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही प्रमोद साह अपने पांच सहयोगियों के साथ उनके घर पहुंचे और डायन कहकर गाली-गलौज करने लगे।

### ईरान के हमले में अमेरिकी एयरबेस को हुआ था भारी नुकसान

**ईरान।** इजरायल संघर्ष के दौरान अब एक बड़ी बात सामने आ रही है। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा शुक्रवार को विश्लेषण किए गए उपग्रह चित्रों से पता चलता है कि कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के हमले में संभवतः जियोडेसिक गुंबद पर हमला हुआ। जिसमें अमेरिकी सेना ने सुरक्षित संचार के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरण रखे गए थे। हालांकि, अमेरिकी सेना और कतर ने नुकसान पर टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। जिसे अब तक सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया गया है। कतर की राजधानी दोहा के बाहर अल उदीद एयर बेस पर 23 जून को ईरानी हमला हुआ था। यह हमला ईरान ने तेहरान में तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी बमबारी के जवाब में किया था।

**5 वेदर सिस्टम का दिख रहा असर**

# मध्यप्रदेश के 19 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट

प्रदेश के पूर्वी एवं उत्तरी क्षेत्र में अच्छी बारिश का सिलसिला बना हुआ है।

**संवाददाता** ● भोपाल

**मौसम**

अलग-अलग स्थानों पर बनी पांच मौसम प्रणालियों के असर से प्रदेश के पूर्वी एवं उत्तरी क्षेत्र में अच्छी बारिश का सिलसिला बना हुआ है। शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सीधी में 163, खजुराहो में 62, उमरिया में 46, रीवा में 44, सतना में 29, पचमढ़ी में 12, ग्वालियर में 11, सागर, दमोह एवं रतलाम में सात और श्योपुर में चार मिलीमीटर बारिश हुई।



मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार-रविवार को ग्वालियर, चंबल, सागर, भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में बारिश के आसार हैं। इस दौरान रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, उमरिया, डिंडौरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, पन्ना, दमोह, सागर व पांढुर्ना में भारी बारिश हो सकती है। बता दें कि मध्य प्रदेश में एक जून से लेकर शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 392.2 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश (231.1 मिमी) की तुलना में 70 प्रतिशत अधिक है।

### यहां बने हैं चक्रवात और द्रोणिका

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि मानसून द्रोणिका वर्तमान में बीकानेर, देवमाली, हमीरपुर, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, दीघा से होकर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। उत्तरी छत्तीसगढ़ और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश से लेकर बंगाल की खाड़ी तक एक द्रोणिका बनी हुई है, जो उत्तरी छत्तीसगढ़, उत्तरी ओडिशा से होकर जा रही है।

### लखनऊ में सुबह से मूसलाधार बरसात

उत्तर प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में शुक्रवार को कईजगहों पर भारी बारिश देखने को मिली। सावन माह के पहले ही दिन दक्षिण के बांदा में सर्वाधिक 192 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं सोनभद्र में 122.4 मिमी, संभल में 91 मिमी, मिर्जापुर में 90 मिमी, आगरा में 72 मिमी और चित्रकूट में 67 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार से मानसून की सक्रियता सिर्फ दक्षिण तक ही सीमित न रहकर पूर्वी और उत्तराखंड से सटे जिलों को भी अपने दायरे में लेगा। अगले दो दिन बुंदेलखंड, विंध्य क्षेत्र के साथ ही अन्य हिस्सों में बारिश की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, सोनभद्र, कानपुर, जालौन, हमीरपुर, झांसी समेत 11 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही 48 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक शनिवार को बुंदेलखंड, विंध्य और कुछ पूर्वी इलाकों में अच्छी बारिश के आसार हैं। हालांकि इस दौरान प्रदेश के बाकी हिस्सों में भी बादलों की आवाजाही और छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी।

**इन जिलों में है भारी बारिश की संभावना**

बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, सोनभद्र, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

# 75 फीसदी मतदाताओं के गणना फॉर्म जमा हुए

**एजेंसी** ● पटना

**मतदाता सूची**

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम तेज गति से आगे बढ़ रहा है। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि अब हर चार में से तीन मतदाताओं ने अपने गणना फॉर्म जमा करा दिए हैं। आयोग के मुताबिक बिहार में 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) मतदाताओं में से 74.39त्न से अधिक ने अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिए हैं जबकि इन प्रपत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि से अभी 14 दिन शेष हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में, बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं की सहायता के लिए घर-घर जा रहे हैं और उनके भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र कर रहे हैं। 38 जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने वाले निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और 963 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) सहित फील्ड स्तर के पदाधिकारी, एसआईआर की प्रगति का नियमित रूप से पर्यवेक्षण कर रहे हैं।



### कुल 5.87 करोड़ गणना प्रपत्र एकत्र

आयोग के मुताबिक 24 जून 2025 को एसआईआर निर्देशों के जारी होने के बाद से पिछले 17 दिनों में, शुक्रवार शाम 6:00 बजे तक 5,87,49,463 गणना प्रपत्र एकत्र किए गए हैं, जो कुल प्रपत्रों का 74.39त्न है। गणना प्रपत्र 25 जुलाई, 2025 तक जमा किए जा सकते हैं। आयोग ने बयाननें कहा कि 77,895 बीएलओ के साथ-साथ 20,603 नवनियुक्त बीएलओ और अन्य चुनाव अधिकारी समय पर इस अभ्यास को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। चार लाख से अधिक स्वयंसेवक भी बुजुर्गों, दिव्यांगों, बीमारों और कमजोर आबादी का सहयोग कर रहे हैं

# गिफ्ट सिटी की तर्ज पर मप्र में बनेगी 10 स्मार्ट सिटी

### ग्रोथ कॉन्क्लेव: 30 हजार करोड़ निवेश प्रस्ताव आए

**संवाददाता** ● भोपाल

इंदौर में मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 में सरकार को विभिन्न सेक्टर में 30 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, इससे 15 हजार रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र न सिर्फ देश, बल्कि दुनिया के सामने एक मजबूत और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में खड़ा हो रहा है। सीएम ने गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' का उदाहरण देते हुए कहा, ऐसी ही 10 स्मार्ट सिटीज मप्र में विकसित की जाएंगी। मप्र 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे। अलग-अलग सेक्टरों के लिए विशेष ग्रोथ कॉन्क्लेव होंगे, जिससे औद्योगिक विकास को नई गति, नई दिशा मिलेगी। सीएम ने कहा, प्रदेश में सौर ऊर्जा, ग्रीन फील्ड हाईवे, टाउनशिप और स्मार्ट सिटी परियोजना को बढ़ावा दिया जाएगा। डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा, देश की जीडीपी में मप्र का योगदान सिर्फ 3 प्रतिशत था, अब 8.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है, इसका श्रेय लोगों, निवेशकों और पीएम मोदी की दूरदर्शिता को जाता है।

# जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए सरकार ने सांसदों के हस्ताक्षर लेने शुरू किए

**एजेंसी** ● नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने घर से जली हुई करोड़ों की नकदी मिलने के मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा सांसदों के हस्ताक्षर लेना आरंभ कर दिया है। इसके साथ ही यह तय हो गया है कि संसद के निचले सदन में ही जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया जाएगा। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए प्रस्ताव पर 100 सांसदों के हस्ताक्षर होना जरूरी है। सूत्रों ने बताया कि कई सांसदों के हस्ताक्षर लिए जा चुके हैं। अगर प्रस्ताव राज्यसभा में लाया जाता तो 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों बताया कि महाभियोग प्रस्ताव संसद के मानसून सत्र में आएगा। सत्र 21 जुलाई से आरंभ हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस प्रस्ताव पर सहयोग लेने के लिए विपक्षी दलों से भी बात कर रही है क्योंकि यह भ्रष्टाचार से जुड़ा मुद्दा है और इसलिए इसमें किसी तरह की राजनीति की कोई गुंजाइश नहीं है। अभी इलाहाबाद हाईकोर्ट में पदस्थापित जस्टिस वर्मा जब दिल्ली हाईकोर्ट में तैनात थे तब उनके सरकारी आवास में लगी आग के दौरान पुलिस को बड़ी मात्रा में जली हुई नकदी बरामद हुई थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त समिति ने जांच में पाया था कि यह नकदी गलत तरीके से जमा की गई थी। इसके बाद ही जस्टिस वर्मा को वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया गया था।

**शाह भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे, तैयारी पूरी**

# आज से निकाय चुनाव प्रचार अभियान का आगाज

**एजेंसी** ● तिरुवनंतपुरम

**निकाय चुनाव**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज तिरुवनंतपुरम में भाजपा राज्य समिति के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रदेश कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन शनिवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। शाह कार्यालय भवन पर पार्टी का झंडा फहराएंगे और एक पौधा भी लगाएंगे। ऐसे में राज्य में सुरक्षा तेज कर दी गई है। इस बाबत कन्नूर में हवाईअड्डे के आसपास ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या किसी अन्य मानवरहित हवाई यान के इस्तेमाल पर तीन दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया।

पार्टी ने यहां एक बयान में कहा कि समारोह के तहत शाह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिवंगत केजी मारार की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस प्रतिमा को नए भवन के केंद्रीय कक्ष में स्थापित किया गया है। इस दौरान पुथारीकंदम मैदान में एक बड़ी वार्ड-स्तरीय नेतृत्व बैठक होगी, जिसका उद्घाटन भी गृह मंत्री करेंगे। बयान में कहा गया है कि तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा और अलप्पुझा राजस्व जिलों के 5,000 वार्ड समितियों के लगभग 25,000 जमीनी स्तर के नेताओं के इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से शामिल होने की उम्मीद है। भाजपा को उम्मीद है कि कुल मिलाकर लगभग 1.5 लाख लोग ऑनलाइन तरीके से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्य नेतृत्व की बैठक में भी लेंगे हिस्सा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर के मुताबिक, दोपहर बाद शाह भाजपा राज्य नेतृत्व की बैठक में हिस्सा लेंगे।



### बिहार में 17 पार्टियों के रजिस्ट्रेशन पर संकट

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इलेक्शन कमीशन एक्टिव मोड में हैं। इसी बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने ऐसे 17 राजनीतिक दलों को नोटिस भेजा है, जिन्होंने 2019 के बाद से किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया। यह नोटिस मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से 7 सरदार पटेल मार्ग, पटना से जारी हुआ है। निर्वाचन विभाग के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने संबंधित दलों से 10 दिनों में जवाब मांगा है। आयोग का मानना है कि इन दलों की निष्क्रियता चुनावी पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े करती है। राज्य निर्वाचन आयोग ने साफ कहा कि जिन राजनीतिक दलों को नोटिस भेजा गया है, वे पिछले छह साल से कोई भी चुनाव नहीं लड़े हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत सभी रजिस्टर्ड पार्टियों को विशेष अधिकार और सुविधाएं मिलती हैं।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)